इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -139 | राजनांदगांव, शुक्रवार 05 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## दुश्मनों की अब खैर नहीं, सेना के एयर डिफेंस को अचूक बनाने के लिए 'आकाशतीर' की तैनाती शुरू

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को और मजबूती देने की दिशा में अहम कदम बढ़ाते हुए अपने कमांड और कंट्रोल सिस्टम में अत्याधुनिक हाईटेक प्रणाली को शामिल करना शुरू कर दिया है। सेना ने एयर डिफेंस सुरक्षा को नई चुनौतियों के हिसाब से मजबूती देने के लिए गुरूवार को 'आकाशतीर कमांड और कंट्रोल सिस्टम' को भारतीय सेना के एयर डिफेंस कोर में शामिल करने के साथ इसकी शुरूआत की गई।

भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड के गाजियाबाद प्रतिष्ठान से आकाशतीर के पहले बैच को एयर डिफेंस नियंत्रण केंद्रों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आत्मनिर्भर भारत पहल के हिस्से के रूप में बीईएल द्वारा विकसित आकाशतीर परियोजना सेना के एयर डिफेंस प्रणाली की संचालन दक्षता और एकीकरण को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। सैन्य सूत्रों के अनुसार, सेना के एयर डिफेंस के लिए आकाशतीर परियोजना एक ऐसी अत्याधुनिक पहल है जिसमें पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं को आटोमेटिक संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। आधुनिकीकरण के नए दौर से कदम ताल करने के लिए सेना ने वर्ष 2024 को 'तकनीकी समावेशन का वर्ष' घोषित किया है और वह विशिष्ट प्रौद्योगिकी व प्रणालियों को शामिल करने को गति दे रही है।




### आकाशतीर की विशेषता

आकाशतीर नियंत्रण केंद्रों को शामिल करना भारतीय सेना द्वारा नए दौर के लिए किए जा रहे बदलावों की दिशा में प्रमुख मील के पत्थरों में से एक है। यह सिस्टम सेना के जटिल वायु रक्षा अभियानों की वर्तमान ही नहीं भविष्य की जरूरतों को भी पूरा करेगा। आकाशतीर की विशेषता यह है कि सभी स्तरों पर रडार और संचार प्रणालियों को एक एकीकृत नेटवर्क में एक करके लक्ष्य की अभूतपूर्व स्तर की पहचान कर सजग नियंत्रण प्रदान करना है। इसकी त्वरित सटीकता शत्रुतापूर्ण लक्ष्यों पर तेजी से हमला करने में सक्षम है। यह सेना को एक मजबूत वायु रक्षा प्रणाली प्रदान करेगा जिससे वह संभावित हवाई खतरों से महत्वपूर्ण संपत्तियों, सैनिकों और बुनियादी ढांचे की बेहतर रक्षा कर सकेगी। आकाशतीर प्रणाली एकीकरण सेना को विभिन्न रडार, नियंत्रण केंद्रों और जमीन-आधारित हथियार प्रणालियों के डेटा को मिलाकर अपने वायु रक्षा अभियानों को अनुकूलित करने की अनुमति देगा। यह केंद्रीकृत रणनीति अधिक प्रभावी निर्णय लेने और हवाई खतरों पर तेजी से प्रतिक्रिया करने की अनुमति देगी, जिससे भारत की समग्र रक्षा स्थिति को बढ़ावा मिलेगा। आकाशतीर से विवादित हवाई क्षेत्र में मित्रवत विमानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी और इनकी सुरक्षा का जोखिम कम होगा।

सैन्य सूत्रों के अनुसार, आकाशतीर का एक उल्लेखनीय पहलू गतिशीलता और लचीलेपन पर जोर है। यह सुनिश्चित करने के लिए इसके सिस्टम के नियंत्रण केंद्र वाहन-आधारित और मोबाइल बनाए गए हैं। ताकि चुनौतीपूर्ण संचार वातावरण में भी इसकी संचालन क्षमताएं प्रभावित न हो और इन्हें जरूरत के हिसाब से एक से दूसरे जगह पर आसानी से ले जाया जा सके। आकाशतीर प्रणाली एयर डिफेंस संचालन के पूर्ण स्वचालन की उपलब्धि को सुविधाजनक बनाने के साथ भारत के एयर डिफेंस मोड को उन्नत बनाएगी।

## जग्गी हत्याकांड : 27 दोषियों की उम्रकैद की सजा बरकरार


रायपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रदेश के बहुचर्चित जग्गी हत्या कांड के आरोपियों की सजा बरकरार रखी है। हाईकोर्ट ने चर्चित जग्गी हत्याकांड मामले के तमाम आरोपियों की अपील खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने याचिका खारिज करते हुए उम्र कैद की सजा बरकरार रखी है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में राकांपा नेता रामावतार जग्गी हत्याकांड के 27 आरोपियों की अपील को खारिज कर दिया है । चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा डिवीजन बेंच ने उनकी आजीवन कारावास की सजा को रखा बरकरार रखा है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच में राकांपा नेता रामावतार जग्गी हत्याकांड के आरोपियों की अपील पर बीते 29 फरवरी को बहस पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। आजीवन कारावास की सजा पाने वालों में दो तत्कालीन सीएसपी और एक तत्कालीन थाना प्रभारी के अलावा याहया ढेबर और शूटर चिमन सिंह शामिल हैं।



पिछले सुनवाई में लगातार बहस के बाद आरोपियों की ओर से अपने तर्क प्रस्तुत किए गए थे। तीसरे दिन सीबीआई के अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत किया। इसके साथ आरोपियों की ओर से अधिवक्ताओं ने सीबीआई की कार्रवाई का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकोक्ति को भाजपा ने गलत समझा, हिंसा हमारी सोच में नहीं, प्रधानमंत्री का पूरा आदर- भूपेश

राजनांदगांव (दावा)। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बयान पर भाजपा की प्रतिक्रिया पर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस से राजनांदगांव के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा के नेताओं ने गलत समझा क्योंकि ने छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति को ठीक तरह से समझ नहीं पाए। उन्होंने कहा है, जो कुछ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा वह छत्तीसगढ़ी भाषा के मुहावरे में कही गई बात है। लोकोक्तियों से समृद्ध छत्तीसगढ़ी भाषा को जानने समझने वाला और छत्तीसगढ़ी लोक जीवन से जुड़ा हर व्यक्ति इसे जानता है, उनका आशय घमंड तोड़ने से था। भूपेश बघेल ने कहा है कि इस मुहावरे को भाजपा के नेता नहीं समझ सकते क्योंकि वे छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति को नहीं समझते। श्री बघेल ने कहा है किंतु इस तथ्य के बावजूद महंत जी ने विनम्रता से कहा है कि अगर इसका गलत अर्थ निकाला गया है तो वे खेद व्यक्त करते हैं। इस खेद प्रकाश के बाद यह विवाद खत्म हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, हम महात्मा गांधी की पार्टी के लोग हैं। हम हिंसा पर न भरोसा करते हैं न हिंसा हमारी सोच का हिस्सा है। हम अहिंसक विचारधारा के लोग हैं। भूपेश बघेल ने कहा है कि जहां तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सवाल है, तो हम उन्हें लोकतांत्रिक ढंग से परास्त करना चाहते हैं। उनका घमंड तोड़ना चाहते हैं। उनके प्रति कोई अनादर हमारे मन में नहीं है। वे स्वस्थ रहें दीर्घायु हों।



## मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने संतोष पांडे को प्रचंड मतों से विजयी बनाये - विष्णु देव साय

राजनांदगाँव (दावा)। भाजपा ने आज नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं का जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन किया, पार्टी के लक्ष्य से कही बहुत अधिक संख्या में संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ता पहुंचे सुदूर बोड़ला से लेकर औंधी तक के कार्यकर्ता पार्टी का झण्डा हाथ में थामें शिवनाथ वाटिका की ओर समय से पूर्व ही बढ़ते दिखाई दे रहे थे, बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं के लिए सभा स्थल पर दो विशालतम पंडाल लगाए गए थे।

पहला बड़ा पंडाल सभा मंच के सामने था वही उससे कुछ दूरी पर एक और बड़े पंडाल की व्यवस्था संगठन की ओर से की गई थी उक्त दोनों पंडाल सभा प्रारंभ होने के पूर्व कार्यकर्ताओं से खचाखच भर चुका था। इसके बाद भी कार्यकर्ताओं के आने का क्रम जारी था। शहर के चारों तरफ भाजपा कार्यकर्ताओं का सैलाब साफ दिखाई दे रहा था। हाथ में पार्टी का झण्डा लिए कार्यकर्ताओं का उत्साह प्रदर्शित हो रहा था कोई अबकी बार मोदी सरकार के उद्घोषणा कर रहा था तो कुछ लोग एक बार फिर मोदी सरकार के नारे लगा रहे थे, पूरा सभा स्थल भाजपा के झंडे, फ्लेक्स, कट आउट तोरण से पटा पड़ा था। भीषण गर्मी को देखते हुए और कार्यकर्ताओं की अपेक्षा से अधिक उपस्थिति लो लेकर महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व्यवस्था संभालने मे जुटे हुए थे, जगह-जगह नीले रंग का ड्रम रखकर पीने की शीतल जल की व्यवस्था की गई थी, सभा स्थल में स्थानीय व प्रदेश स्तर के भाजपा नेताओं का उद्बोधन अनवरत चलता रहा।



**भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को अपराध व भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था**

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सभा स्थल पर कार्यकर्ताओं का उत्साह उस वक्त परवान पर चढ़ा जब साजा के रिक्शा चालक से विधायक बने ईश्वर साहू ने धारदार तरीके से पूर्ववर्ती भूपेश सरकार की बखिया उधेड़ते हुए कहा की 'भूपेश के भ्रष्टाचार के चार चिन्हारी, नरवा गरवा गुरवा बाड़ी'। तब पूरा सभा स्थल करतल ध्वनि से गूंज उठा श्री साहू ने जब अपने पुत्र की हत्या का विवरण दिया तो भाजपा कार्यकर्ता गमगीन हो गए। फिर अचानक ही माहौल में उत्साह दिखाई दिया जब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तमाम बड़े भाजपा नेताओं के साथ सभा स्थल पर पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर उनका जोशीला स्वागत किया। संक्षिप्त स्वागत कार्यक्रम के पश्चात विष्णु देव साय ने अपने पारंपरिक अंदाज में अपनी बात शुरू करते हुए कहा की देश मैं मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए इस लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजय बनाये।

श्री साय ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि यहा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने अपने शासनकाल में छत्तीसगढ़ को अपराध व भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था, कोयले से लेकर चाँवल, शराब, पीएससी नियुक्ति सहित अनेक क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के रिकार्ड को तोड़ दिया था। शराब दुकानों में दो काउंटर हुआ करते थे जिसमे एक काउंटर का पैसा शासन के पास तो दूसरे काउंटर के पैसा सीधे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं तक भेजने का कुचक्र चल रहा था। भ्रष्टाचार करने के मामले में इन्होंने महादेव तक को नहीं छोड़ा और महादेव एप के माध्यम से करोड़ों का घोटाला किया।

श्री साय ने प्रदेश में अपने अब तक के 90 दिनों की सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा की मोदी गारंटी के तहत पार्टी ने जो भी बड़ी घोषणाएं की थी, उसको सरकार बनने के चंद दिनों में ही पूरा करके ही हमने रिकार्ड बनाया हैं। किसानों को दो वर्ष के बकाया बोनस राशि का भुगतान किया गया। माता बहनों को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रति माह एक हजार रुपये की राशि की दूसरी किश्त का भुगतान किया जा चुका है। तेंदूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों की मजदूरी दरों में इजाफा किया गया, इतना ही नहीं बल्कि किसानों को 3100 रुपए की दर से 21 क्विंटल धान की खरीदी कर अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान कर सरकार ने विरोधियों का मुह बद कर दिया। आवासहीन लोगों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी गई। श्री साय ने कहा की हम मोदी गारंटी के तहत दी गई सभी गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्री साय ने लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय नीति की चर्चा करते हुए कहा कि एक बार फिर देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जरूरत हैं, पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मोदी जी ने देश के विकास के लिए कार्य किया है और आने वाले 05 वर्षों में बहुत कुछ करने की राष्ट्रीय जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित यूपीए शासन काल में देश की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी वही अब हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शराब घोटाले का आरोपित अरविंद सिंह को ईडी ने हिरासत में लिया, एक दिन पहले कोर्ट से मिली थी जमानत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले से जुड़ी एक बड़ी खबर आ रही है। इस घोटाले में अरविंद सिंह को देर रात हिरासत में लिया है। एक दिन पहले ही अरविंद सिंह को हाई कोर्ट से जमानत मिली थी। जेल से छूटने के बाद एसीबी/ईओडब्ल्यू की टीम ने हिरासत में लिया है। फिलहाल अरविंद सिंह से गोपनीय जगह पर पूछताछ चल रही है।



बता दें कि रायपुर जेल में बंद 2200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के आरोपित अरविंद सिंह को मिली सशर्त जमानत मिली थी। अरविंद सिंह को एक लाख रुपए के मुचलके पर जमानत मिली थी। हाईकोर्ट बिलासपुर में जस्टिस पार्थ प्रीतम साहू की कोर्ट ने जमानत आदेश जारी किया है।

21 मार्च को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने दो अप्रैल को जारी फैसले में सशर्त जमानत दी थी। वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव ने बचाव पक्ष और डा. सौरभ कुमार पांडे ने ईडी की तरफ से पैरवी की थी। जेल से बाहर आने के दूसरे दिन ही एसीबी/ईओडब्ल्यू की टीम ने पकड़ा है।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी



रायपुर (दावा)। आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलने उनके निवास स्थान पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना की।




## जम्मू-कश्मीर में नेकां और कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे लोकसभा चुनाव : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को घोषणा की कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस प्रदेश में लोकसभा की पांच सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेंगी। श्री उमर ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) द्वारा घाटी की सभी तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा के एक दिन बाद यह बात कही।




श्री उमर ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा %कांग्रेस ने हमें आश्वासन दिया है और स्पष्ट कर दिया है कि नेकां के सभी तीन उम्मीदवारों को उनका समर्थन मिलेगा.. दिल्ली जाने के बाद अगले एक या दो दिनों में यह स्पष्ट हो जाएगा कि जम्मू-कश्मीर में पांच सीटों पर नेकां और कांग्रेस एक साथ लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पहले ही जम्मू क्षेत्र में दो कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, मेरा कार्यक्रम भी शुरू होगा और हमारी कोशिश होगी कि जम्मू और उधमपुर दोनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीतें और इसी तरह कांग्रेस ने आश्वासन दिया है कि कश्मीर में जहां भी वे नेकां उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करेंगे। श्री उमर ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में आप नेता संजय सिंह की जमानत पर कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी जमानत मिल जाएगी। उन्होंने कहा महत्वपूर्ण बात यह है कि अदालत ने पाया कि संजय सिंह को जेल में रखने के लिए सबूत पेश नहीं किए गए। यह वही मामला है जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया है और हमें उम्मीद है कि उन्हें भी जमानत मिल जाएगी।

इससे पहले, श्री उमर ने पार्टी की युवा शाखा के एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को वोट डालते समय पांच अगस्त, 2019 को याद रखना चाहिए जब जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर दिया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, आपका वोट तय करेगा कि आप 05 अगस्त के फैसलों की पुष्टि करते हैं या उनका विरोध करते हैं। जो लोग इन फैसलों को स्वीकार नहीं करते हैं, उनके लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस को वोट देना बेहतर है क्योंकि यह वोट केंद्र सरकार के लिए एक संदेश होगा।

# वित्तीय वर्ष 2023-24 में निगम ने किये 20.22 करोड़ रूपये की राजस्व वसूली

## आयुक्त ने जताया करदाताओं का आभार, इस वित्तीय वर्ष में भी सहयोग की अपील

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी राजस्व वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाया और लक्ष्य के अनुरूप वसूली के लिये प्रतिदिन राजस्व का अमला निगम के साथ-साथ प्रतिदिन घर-घर जाकर समस्त करों का वसूली करते थे। साथ ही शहर के प्रत्येक वार्डो में भी शिविर का आयोजन कर वसूली की गयी। इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर निगम को 20 करोड़ 22 लाख 37 हजार रूपये की राजस्व आय हुई। गत वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में 3 करोड रूपये अधिक वसूली की गयी, इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में 18.22 प्रतिशत अधिक वसूली की गयी है।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने राजस्व आय के संबंध में बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में उपायुक्त मोबिन अली एवं राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में निगम के राजस्व विभाग द्वारा प्रतिदिन राजस्व कार्यालय में, घर-घर जाकर एवं वार्डो में शिविर का आयोजन कर उल्लेखनीय राजस्व वसूली किया गया तथा अवकाश के दिनों में भी वसूली कार्य निरंतर जारी रहा। जिसकी परिणती 20 करोड 22 लाख 37 हजार रूपये की राजस्व आय वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर निगम को हुई।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में संपत्तिकर से कुल मांग 6 करोड़ 51 लाख 11 हजार के विरूद्ध कुल वसूली 5 करोड़ 64 लाख 89 हजार रूपये प्राप्त हुई, वही वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल मांग 5 करोड 90 लाख 52 हजार रूपये के विरूद्ध 4 करोड 51 लाख 7 हजार रूपये प्राप्त हुई थी। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 में समेकितकर से कुल मांग 3 करोड 97 लाख रूपये के विरूद्ध वसूली 1 करोड 86 लाख 37 हजार रूपये प्राप्त हुई वही वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल मांग 3 करोड 82 लाख 64 हजार रूपये के विरूद्ध 1 करोड 72 लाख 75 हजार रूपये की वसूली प्राप्त हुई थी तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जलकर से कुल मांग 8 करोड 35 लाख के विरूद्ध वसूली 3 करोड 57 लाख 71 हजार रूपये वसूली प्राप्त हुई वही वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल मांग 7 करोड 32 लाख 56 हजार रूपये के विरूद्ध 3 करोड 41 लाख 68 हजार रूपये वसूली प्राप्त हुई थी।

उपायुक्त मोबिन अली ने बताया कि इसी कडी में दुकानों के किराये से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल मांग 88 लाख 87 हजार रूपये के विरूद्ध 77 लाख रूपये प्राप्त हुई वही वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल मांग 88 लाख 25 हजार रूपये के विरूद्ध 77 लाख 38 हजार रूपये वसूली प्राप्त हुई थी। साथ ही यूजर चार्ज से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल मांग 1 करोड 50 लाख के विरूद्ध 99 लाख 66 हजार रूपये प्राप्त हुई वही वित्तीय वर्ष 22-23 में 1 करोड 20 लाख 41 हजार के विरूद्ध 99 लाख 08 हजार रूपये वसूली प्राप्त हुई। इसके अलावा अन्य मद में लायसेंस, कालोनी रजिस्ट्रेशन शुल्क, प्रदर्शन कर, विवाह पंजीयन, मवेशी बाजार, अमानती राशि आदि से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल मांग 7 करोड 36 लाख 76 हजार रूपये के विरूद्ध 7 करोड 36 लाख 76 हजार रूपये प्राप्त हुई वही वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल मांग 5 करोड 68 लाख 67 हजार रूपये के विरूद्ध 5 करोड 68 लाख 67 हजार रूपये प्राप्त हुई थी। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल मांग 24 करोड 83 लाख 05 हजार रूपये के विरूद्ध 17 करोड 10 लाख 63 हजार रूपये की वसूली प्राप्त हुई थी और इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल मांग 28 करोड 58 लाख 74 हजार रूपये के विरूद्ध 20 करोड़ 22 लाख 37 हजार रूपये वसूली प्राप्त हुई। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना मे इस वर्ष 3 करोड रूपये वसूली अधिक है। अर्थात गत वर्ष की तुलना में 18.22 प्रतिशत अधिक वसूली प्राप्त हुई।

आयुक्त श्री गुप्ता ने समस्त करदाताओं का आभार व्यक्त करते हुये, भविष्य में भी इसी प्रकार की सहयोग करने की अपील की है। साथ ही वसूली मे लगे समस्त कर्मचारियों का भी सुनियोजित वसूली के लिये धन्यवाद देते हुये इस वर्ष भी इसी प्रकार वसूली की उम्मीद की है।

# कांग्रेसी नेता के घर उड़नदस्ता टीम ने दी दबिश



## बगैर अनुमति के चल रही थी चुनावी बैठक

छुरिया (दावा)। निर्वाचन आयोग के उड़नदस्ता की टीम ने नगर में स्थित एक कांग्रेसी नेता के घर पर दबिश दी। जहां बड़ी संख्या में कांग्रेसियों का जमावड़ा लगा हुआ था। एकाएक निर्वाचन अधिकारियों के पहुंचने से कांग्रेसी नेता भी सकते में आ गए। जहां अधिकारियों ने उन्हें भीड़ अधिक होने पर आचार संहिता एवं धारा 144 का उल्लंघन करने एवं चुनावी बैठक की अनुमति नहीं होने पर पंचनामा कार्यवाही की है। जिसके बाद कांग्रेसियों ने राहत की सांस ली है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग की उड़नदस्ता टीम ने छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र सीमा में सतत् निगरानी कर हर गतिविधियों पर पैनी नजर बनाये हुए है। इसी आधार पर निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार विजय कोठारी एवं उनकी टीम को शिकायत मिली थी कि बगैर अनुमति के ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन के निज निवास में बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं सहित आमजनों की भारी भीड़ लगी हुई है। तत्काल निर्वाचन की टीम ने वहां दबिश दी। जहां इस बारे में कांग्रेसी नेताओं से पूछताछ करते हुए बैठक की अनुमति मांगी गई जहां संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर तहसीलदार श्री कोठारी ने उन्हें आचार संहिता का उल्लंघन एवं धारा 144 का हवाला देते हुए मौके स्थल पर पंचनामा की कार्यवाही की है। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, पुष्पा सिन्हा, गौचरण साहू, सतीश साहू, नंदू साहू, धीरेन्द्र तिवारी, संगीता नेताम, फूलबासन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

# आज कर्मा जयंती पर जिले भर में होंगे आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। आज 05 अप्रैल को प्रदेशभर के सभी जिला/ तहसील/ मंडल/ ग्रामीण इकाइयों में एक साथ साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई जाएगी। छग प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू कर्मा जयंती के शुभ अवसर पर पूरे प्रदेश साहू संघ के सभी समूह को संबोधित करेंगे एवं जिलाध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में जिला साहू संघ राजनांदगांव के सभी तहसील तहसील साहू संघ राजनांदगांव में श्रीमती अंजु साहू नगर साहू संघ राजनांदगांव में कुलेश्वर साहू तहसील साहू संघ डोंगरगांव में हेमंत साहू डोंगरगढ़ तहसील में हंसराज साहू छुरिया में अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू घुमका तहसील में मंथिर साहू लालबहादुर नगर में लक्ष्मण साहू कुमर्दा तहसील में मिलाप साहू के निर्देशानुसार माँ कर्मा जयंती के पावन अवसर में पापमोचनी एकादशी आज 5 अप्रैल को पूरे राजनांदगांव में सुबह 10 बजे माँ कर्मा की महाआरती सभी परिक्षेत्र ग्राम साहू संघ में की जाएगी। जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अवसर पर उल्लासपूर्ण वातावरण में ज्योति कलश यात्रा, शोभायात्रा, माँ कर्मा के तैलचित्र एवं सामाजिक ध्वज के साथ करना है। खिचड़ी का भोग लगाकर महाप्रसादी व प्रसाद वितरण करना है।

# मैं भूपेश बघेल का सैनिक हूं, ऐसी कार्यवाही से डरने वाला नहीं - रितेश जैन



## कांग्रेस इतिहास ही त्याग तपस्या और बलिदानों वाला रहा है

छुरिया (दावा)। आज छुरिया के तहसीलदार विजय कोठारी एवं उड़नदस्ता के टीम के द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन के घर पर छापामार कार्यवाही की गई, इस पर ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन ने कहा कि मैं भूपेश बघेल की टीम का सैनिक हू, इस प्रकार के कार्यवाहियों से मैं डरने वाला नहीं हूं ।

आज दोपहर जब ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन अपने सेक्टर प्रभारी एवं पदाधिकारीयो के साथ आगामी चुनाव की रणनीतियों पर घर में चर्चा कर रहे थे। उस समय अचानक छुरिया के तहसीलदार विजय कोठारी और उड़नदस्ता की टीम आकर के इस सामान्य चर्चा पर अपनी आपत्ति लगाते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू है, धारा 144 लगी हैं, पांच से ज्यादा लोग इकट्ठे नहीं हो सकते, और आपने बैठक के लिए परमिशन नही ली हैं, जिस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन ने विरोध करते हुए कहा कि घर में सामान्य चर्चा के लिए किसी प्रकार के परमिशन की आवश्यकता नहीं है, उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता आज राजनंदगांव जिले मे कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल को मिल रहे अपार जन समर्थन से बौखलाकर सत्ता के बल पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर ऐसी दमनकारी कार्यवाही करवा रहे है। कांग्रेस का कार्यकर्ता ऐसी कार्यवाही से नहीं डरता कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता भूपेश बघेल जी को विजयी बनाने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं।

# भूपेश बघेल का कूटनीतिक षड्यंत्र हुआ फेल -भाजपा मीडिया सेल

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा मीडिया सेल के सदस्य योगेश दत्त मिश्रा, अशोक लोहिया, अमर लालवानी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि जिस तरह से भूपेश बघेल ने लोकसभा चुनाव में 384 उम्मीदवार उतार कर ईवीएम मशीन से चुनाव न करा कर बैलेट पेपर से चुनाव करने की योजना बनाई थी, जिसे पूरे देश की मीडिया ने कवरेज दिया था। परंतु आज सिद्ध हो गया कि भूपेश बघेल का षड्यंत्र राजनांदगांव में नहीं चलने वाला।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज कुल 23 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन जमा किए गए। अर्थात कल भूपेश बघेल ने जो 210 नामांकन फॉर्म विभिन्न व्यक्तियों के माध्यम से मंगवाए थे, वह सभी नामांकन भरने की हिम्मत नहीं कर पाए और इस तरह से भूपेश बघेल का षड्यंत्र फेल हो गया। भाजपा मीडिया सेल के योगेश दत्त मिश्र ने कहा कि प्रशासन को परेशानी में डालने की साजिश फेल हो गई और संस्कारधानी राजनांदगांव की जनता भी परीक्षा में पास हो गई, इस घटनाक्रम से सिद्ध हो गया कि यहां के स्थानीय कार्यकर्ता भूपेश बघेल का साथ नहीं दे रहे, क्योंकि भूपेश बघेल की तानाशाही प्रवृत्ति 5 वर्षों में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने देखी है । यहां के कांग्रेसी कार्यकर्ता जब भूपेश बघेल से मिलने रायपुर जाया करते थे तो चार-पांच घंटे बैठने के बाद उन्हें मिलने तक नहीं दिया जाता था, जिसकी पीड़ा कांग्रेस के कद्दावर नेता सुरेंद्रदास वैष्णव ने सार्वजनिक मंच से व्यक्त की थी, अंदर खाने कांग्रेसियों में भूपेश बघेल के प्रति गहरा आक्रोश है। मीडिया सेल के अशोक लोहिया ने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को ईवीएम के माध्यम से 68 सीट प्राप्त हुई थी, तब किसी कांग्रेसी ने ईवीएम पर प्रश्न नहीं उठाया।

5 वर्षों तक कांग्रेस ने झूठे वादे किए थे, उसे पूरा नहीं किया, जिसका खामियाजा कांग्रेस को इस विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ा, परंतु कांग्रेस अपनी हार को ईवीएम मशीन पर ठीकरा फोड़कर जनता जनार्दन पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रही है और इस लोकसभा चुनाव में मोदी जी के विराट स्वरूप को देखते हुए लोकतंत्र पर आस्था न रखते हुए लोकसभा चुनाव के पूर्व अपनी हार के डर से पहले ही ईवीएम पर ठीकरा फोड़ने का षड्यंत्र कर रही है। जिसे यहां की जनता भली भांति जानती है। ऐसे षड्यंत्रकारी भूपेश बघेल को यहां की जनता माफ नहीं करेगी और जनता 26 अप्रैल को कमल फूल खिलाकर भूपेश बघेल को वापस पाटन भेजेगी।

# गेमुलाल कुंजाम ने किया भाजपा प्रवेश



राजनांदगांव (दावा)। आज कांग्रेस के शहर जिला आदिवासी अध्यक्ष व कांग्रेस मोर्चा के भाई गेमुलाल कुंजाम ने अपने कांग्रेस पार्टी के व्यवहारों से नाराज होकर कांग्रेस छोड़, भाजपा की कार्य कुशलता और देश की विकास देखकर भाजपा का दामन थाम लिया, गेमुलाल कुंजाम ने बताया कि उनके साथ करीब 50 लोगों ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया।

राजनांदगांव शहर जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गेमुलाल कुंजाम के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बीजेपी चुनाव प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और सांसद संतोष पांडे, जिला संयोजक मधुसूदन यादव, जिला बीजेपी अध्यक्ष रमेश पटेल के समक्ष अपने पूरे टीम के साथ भाजपा प्रवेश किया।

इस अवसर पर संजू सेन, गोविन्दा साहू, उमेश साहू, मुकेश साहू, कलाराम निषाद, मोहित ठाकुर, राहुल साहू, फिलेश सिन्हा, रोशन सिन्हा, मंगेश साहू, भूपेंद्र साहू, जतिंद्र साहू, पंकज तिवारी, अनूप चंद्राकर, डोमेंद्र कुमार, रामकुमार साहू, टेकराम साहू, हीरेसिंह, तुषार नेताम, रमन कुमार, दुर्गेश कुमार, सांतुराम, आभाष कुमार, अमित कुमार, समरू राम, बृजराम कुमार, रूपेश नेताम, अनिल कुमार, रमेश कुमार, रामप्रसाद, श्रावण कुमार, राजेश्वर कुमार और आदि ने प्रवेश किया।

# रेणुका मेश्राम का निधन



राजनांदगांव (दावा)। भरकापारा वार्ड नं. 28 निवासी श्रीमती रेणुका मेश्राम (ध.प. सुधाकर मेश्राम) उम्र 48 वर्षीय का निधन आज 6 अप्रैल गुरुवार को हो गया हैं। मृदभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व की धनी श्रीमती मेश्राम अपने पीछे एक पुत्री छोड़ गई। श्रीमती मेश्राम की अंतिम यात्रा 5 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 10 बजे निज निवास आम्बेकर सांस्कृतिक भवन के पास स्थित से मुक्तिधाम मठपारा हेतु निकाली जावेगी।

# हेमा देशमुख ने माताओं-बहनों को भूपेश बघेल के पक्ष में वोट देने की अपील



## गवर्मेंट प्रेस वार्ड और महारानी लक्ष्मी वार्ड (शंकरपुर) में महापौर ने कांग्रेस की गारंटी नारी न्याय योजना से कराया अवगत

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम क्षेत्र वार्ड क्रमांक 06 गवर्नमेंट प्रेस वार्ड एवं महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नं 10 (शंकरपुर) में महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने माताओं-बहनों को कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी से अवगत कराया साथ ही सभी को इस योजना की जानकारी दिया की केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही हर गरीब महिलाओं को साल का एक लाख रुपया महीने का 8333 रुपए कांग्रेस की सरकार देगी, साथ ही नारी न्याय गारंटी में सावित्री बाई फुले छात्रावास योजना के तहत दो गुना कामकाजी महिला हॉस्टल हर जिले में एक छात्रावास, आधी आबादी पूरा हक के तहत केंद्र की नई सरकारी भारतीय में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण मिलेगा इसके अलावा शक्ति का सम्मान के तहत आशा/आंगनबाड़ी/एमडीएम वर्कर्स के वेतन में केंद्र का योगदान दुगना होगा कांग्रेस की गारंटी से होंगी सशक्त महिलाएं, मिलेगा समुचित आर्थिक और सामाजिक न्याय।

हेमा देशमुख ने सभी महिलाओं से राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में वोट डालने की अपील की है, और कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है कांग्रेस की सरकार भरोसे की सरकार है महंगाई कम करना है बेरोजगारी खत्म करनी है पेट्रोल डीजल के भाव कम करना है तो संसद में आवाज उठाने के लिए आपको यहां से एक दमदार नेता लोकसभा से दिल्ली की ओर भेजना है तो भूपेश बघेल को यहां से जीत कर दिल्ली की सदन तक भेजें। अतः आप सबसे निवेदन अधिक से अधिक संख्या में निकलकर कांग्रेस को वोट करें। आज इस कार्यक्रम में पार्षद अरविंद वर्मा पार्षद पूर्णिमा नागदेवे उपस्थित थे।

# फर्जी काल से परीक्षा में पास कराने राशि की मांग, लोग रहे सावधान

राजनांदगांव(दावा)। इन दिनों किसी अज्ञात लोगों द्वारा छात्रों व पालकों को फर्जी काल कर बोर्ड परीक्षा में पास कराने की लालच देकर राशि की मांग की जा रही है। इसी तरह शिक्षक शिक्षिकाएं भी इस फर्जी काल के चपेट में बताए जाते है। उनसे भी परीक्षा में नकल कराने व अन्य शिक्षकीय सम्बंधी त्रुटि उजागर करने की नीयत से फर्जीकाल कर पैसे ऐंठने का कार्य किया जा रहा है।

## पालक व छात्रों सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं में फर्जी काल से दहशत का माहौल

इस तरह फर्जीकाल कर अनुचित मांग करने वालों से छात्रों व उनके पालक सहित शिक्षक शिक्षिकाएं भी डरी हुई है। बताया जाता है कि फर्जी काल करने वाले आधार कार्ड नम्बर या अन्य चीजों की मांग करते है। नहीं दिए जाने पर उन्हें धमकी दिए जाने की भी बात सामने आ रही है। इस संबंध में छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल के समन्वय केन्द्र बने स्टेट हाईस्कूल के केन्द्राध्यक्ष व स्कूल के प्राचार्य एनएस पट्टा सहित प्रभारी तिवारी ने बताया कि छात्रों/ पालकों को बोर्ड परीक्षा में पास कराने के नात पर फर्जी काल कर उन्हें परीक्षा परिणाम सुधारने व पास कराने सम्बंधी लालच देकर अनुचित मांग की जा रही है। इस सम्बंध में स्पष्ट किया गया है कि छ.ग. माशिमं रायपुर छात्रों व पालकों को सावधान करता है कि उनके पास आने वाले काल पूरी तरह फर्जी है तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड रायपुर व राजनांदगांव समन्वय केन्द्र से इसका कोई ताल्लुक व सम्बंध नहीं है। अतः इस प्रकार के फर्जी काल से छात्र/छात्राएं हो या पालक तथा शिक्षक-शिक्षिकाए भी भ्रमित न होए और न इन फर्जी काल द्वारा की जा रही अनुचित मांग में न फंसे। ऐसी स्थिति में पुलिस से सम्पर्क कर फर्जी काल करने वालों को पकड़वाने की दिशा में भी कार्य किया जा सकता है।

# रामकृष्ण पाडुरंग कालेश्वर का निधन



राजनांदगांव (दावा)। सुप्रसिद्ध मूर्तिकार रामकृष्ण पाडुरंग कालेश्वर का दोपहर को निधन हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा आज 5 अप्रैल को भरकापारा स्थित उनके निवास स्थान से सुबह 11 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे दो पुत्र कार्तिक और राहुल एवं चार पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 5 से भव्य शुभारंभ, रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मां कर्मा जयंती के शुभअवसर पर पापकार्न फिल्मस् की प्रस्तुति
मेरी मां कर्मा
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - ओंकारदास मानिकपुरी, कुकी स्वाएन, अल्का अमीन, सानंद वर्मा, इश्तियाक खान, सुनिता राजवर, भगवान तिवारी आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण के द्वारा गठित राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के ओदश क्रमांक 2094/ एस.ई.ए.सी., छ.ग./ खदान/ 1392, नवारायपुर अटल नगर, दिनांक 23.02.2021 के द्वारा मेसर्स श्रीचंद चाचरा कलकसा लाईम स्टोन क्वारी, राजनांदगांव की ग्राम कलकसा, तहसील खैरागढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) की चूना पत्थर खदान (0.647 हेक्टेयर) पर खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति आदेश की प्रतियां सचिवालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इनका अवलोकन एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ की वेबसाइट www.seiaacg.org पर भी किया जा सकता है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित हो।

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**मेसर्स श्रीचंद चाचरा कलकसा लाईम स्टोन क्वारी**
**(प्रो. श्री श्रीचंद चाचरा)**
**पंजाबी कॉलोनी उल्लास नगर, ठाणा (महाराष्ट्र)**

## शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-5-8
455-4 470-1
राजधानी
2-6-7
223-7 458-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202404092200005**
**विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:-**
**राजस्व सनः- 2023-2024**
**करवारी (प ह न. 00022), पक्षकारों का विवरण**
**आवेदक पक्षकार पालकचंद,**
**अनावेदक पक्षकार -**

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पालकचंद पिता परसराम जाति लोधी उम्र 47 वर्ष सा. करवारी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम करवारी प.ह.नं. 22 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 247 में ख.नं. क्रमशः 227/2, 227/5 रकबा क्रमशः 0.364, 0.202हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.566हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में पालकचंद पिता परसराम जाति लोधी सा. करवारी के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है. जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि / आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन **दिनांक 29.04.2024** उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज **दिनांक 01/04/2024** को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार डोंगरगढ़**

# हिन्दू नववर्ष पर सनातन धर्म महासभा की शोभायात्रा को राष्ट्रीयता से जोड़ते हुए नजर आयेगी



राजनांदगांव(दावा)। सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार द्वारा सर्व हिन्दू समाज की व सभी सनातन प्रेमियों व सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक बाला जी मंदिर गंज लाईन में सम्पन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम भगवान हनुमान जी का सुंदरकाण्ड हनुमान चालीसा का पाठ कर बैठक का शुभारंभ किया गया सर्वप्रथम छ.ग. प्रदेश के सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि, हम सबके हिन्दू नववर्ष चैत नवरात्र 9 अप्रैल को बाला जी मंदिर गंज लाईन से दोपहर 2 बजे निकलने वाली शोभायात्रा को राष्ट्रीयता से जोड़ा जा रहा है। जिसमें देशभक्ति की भावना उक्त शोभायात्रा में दिखने को मिली।

इस शुभ अवसर पर सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, प्रदेश संरक्षक राकेश ठाकुर (इन्द्रभूषण ठाकुर), प्रदेश महामंत्री प्रियंक सोनी, जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, शनिदेव मंदिर शहर अध्यक्ष कमल साहू, शोभायात्रा प्रभारी शिव वर्मा, राजेश शर्मा, हरीश गाँधी, महेश अग्रवाल, संतोष हुंका, बिसेन अग्रवाल, सौरभ खण्डेलवाल, नागेश यदु, महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुष्मासिंह, ममता शर्मा, जिलाअध्यक्ष ममता सोनी, शहर अध्यक्ष अनुराधा अग्रवाल, शहर सचिव रंजना शर्मा, मीना पाण्डे ने सादर अनुरोध किया है कि, संस्कारधानी राजनांदगांव दिनांक 9 अप्रैल को निकलने वाली हिन्दू नव वर्ष के शुभ अवसर पर शोभायात्रा शहर के सभी सनातन प्रेमियों सर्व हिन्दू समाज व शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से सादर अनुरोध किया है कि, वे अपने-अपने धार्मिक व सामाजिक स्थल में एक आवश्यक बैठक लेकर सभी नवयुवक मंडल व महिला मंडल की अपने समाज में बैठक लेकर उक्त शोभायात्रा में तिलक लगाकर ईष्ठ मित्रों सहित पूरे परिवार सहित पहुँच कर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाने हुए हम सबके सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हुए हिन्दू एकता का परिचय दे। सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि उक्त शोभायात्रा बाला जी मंदिर से प्रभार होकर तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, भारत माता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, दुर्गा चौक, सदर बाजार, रामदेव बाबा मंदिर होते हुए बाला जी मंदिर गंज लाईन वापस पहुँचेगी। तत्पश्चात भगवान हनुमान जी को भोग लगाकर महाप्रसादी की जायेगी।

उक्त बैठक में नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को सह सम्मान पत्र व नियुक्ति पत्र देकर प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने सम्मान किया और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को सनातन धर्म को आगे बढ़ाते हुए शुभकामनाएँ दी। उपरोक्त जानकारी शहर कोषाध्यक्ष रोशनी रायचा ने दी।

# तीन सौ चौरासी की आस अधूरी रह गई, मात्र 23 लोगों ने नामांकन किया जमा

**नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि कलेक्ट्रेट में रही भीड़-भाड़, भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने विशाल रैली निकाल भरा नामांकन**





राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव को लेकर गहमा-गहमी जारी है। जिला कार्यालय में पिछले कुछ दिनों तक चुनाव लड़ने वालों का रेला रहा। वही 4 अप्रैल गुरूवार को नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि होने की वजह से जिला कार्यालय में भीड़-भाड़ की स्थिति बनी रही। इसके लिए पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था बनाई गई थी तथा सीसी टीवी कैमरे से हर आने जाने वालों की गतिविधियों पर नजर रखी थी। नामांकन जमा करने के आखिरी दिन मात्र 6 लोगों ने नामांकन जमा किए।

बता दे कि सप्ताह भर पहले पाटन क्षेत्र की एक सभा में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी व पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने हर सीट से 384 से अधिक नामांकन फार्म जमा करने की अपील की थी ताकि उक्त संख्या से ज्यादा होने पर ईवीएम मशीन के बजाय वैलेट पेपर से मतदान हो सकें। लेकिन उनकी आस अधूरी रह गई। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में नामांकन जमा करने के अंतिम दिन तक मात्र 23 नामांकन भरे गए। इसमें दूसरे बार नामांकन जमा करने वालों में भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे का नाम प्रमुख है। उन्होंने शहर में भव्य नामांकन रैली निकालकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के दल-बल के साथ कलेक्ट्रेट आकर अपना नामांकन जमा किया।

बता दे कि शहर में यह भी चर्चा रही कि संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस समर्थित बड़ी संख्या नामांकन जमा करेंगे। इसके चलते निर्वाचन से जुड़े अफसर व कर्मचारी एलर्ट रहे। हालांकि मजदूर, किसान और गृहिणियों सहित 241 लोगों ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए नामांकन फार्म लिया था। जिसमें से नामांकन तिथि के आखिरी दिन 4 अप्रैल को मात्र 23 लोग ही नामांकन जमा कर पाए।

### जमा नहीं हुआ नामांकन

बता दे कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में 4 अप्रैल को नामांकन की अंतिम तिथि के दिन दोपहर तीन बजे तक अपना नामांकन जमा करना था। इस दरमियान लगभग 2.30 बजे भिलाई के नीलकण्ठ नामक व्यक्ति जो अपने आपको कांग्रेसी कहता था नामांकन जमा करने आया। लेकिन उन्होंने नोटरी से शपथ पत्र भरवा कर नहीं रखी थी। इसलिए उसे फार्म देकर अटेस्टेट कराकर जमा करने के लिए कहा गया। लेकिन वह बगैर शपथ पत्र दिए नामांकन फार्म जमा करने के लिए अड़ा रहा। नामांकन जमा नहीं किए जाने से वह जिला कार्यालय में अधिकारियों पर गुस्सा निकालते दिखा। जब तक दोपहर तीन बजे का समय पूरा हो चुका था। अंत में वह हाथ मलते हुए वापिस भिलाई चला गया।

### नामांकन सभा एवं रैली की झलकियां

0 शिवनाथ वाटिका का पूरा मैदान खचाखच भरा रहा भीषण गर्मी व तेज धूप के बीच लोग अपने नेताओं के भाषण सुनने डटे रहे।
0 साजा के विधायक ईश्वर साहू ने कांग्रेस शासन काल में उसके पुत्र की हुई निर्मम हत्या को लेकर मार्मिक भाषण दिए।
0 सीएम विष्णुदेव साय ने मंच से कांग्रेस को चुनौती दी कि हिम्मत है तो सबसे पहले मेरे सिर पर लाठी मारो।
0 उप-मुख्यमंत्री अरूण साव ने टीएस सिंहदेव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कितने लोग जेल में है-कितने लोग बेल में?
0 पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने छत्तीसगढ़ी में भूपेश बघेल पर किया कटाक्ष- अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे-यहां उन्हें मजा चखाया जाएगा.
0 अन्य नेताओं ने भी चरणदास महंत के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। सभा में गूंजी-मोदी के हम परिवार... पहली लाठी हम पर मार...।
0 शिवनाथ वाटिका स्थित सभा स्थल में लोग सुबह 10 बजे से पहुंच गए थे। लोगों की वहां भारी भीड़ रही। मठपारा रोड में अग्रवाल ट्रांसपोर्ट से लेकर लखोली नाका चौक तक लोगों की भीड़ ही भीड़ नजर आयी। आलम यह रहा कि तेज धूप व भीषण गर्मी से तरबतर लोग दोपहर की नामांकन रैली में शामिल होने से वंचित रहे।
0 दोपहर लगभग ढ़ाई बजे बाजे-गाजे के साथ निकली नामांकन रैली का गंज चौक से भारत माता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर, गुरूद्वारा चौक, सिंधी कालोनी क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेताओं पर फूल बरसा कर स्वागत सत्कार सहित लोगों को शीतल पेय व स्वल्पाहार प्रदान कर आवभगत की गई।

## केसीजी जिले में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, डेढ़ लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ाया पीएचई एसडीओ



खैरागढ़ (दावा)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ को ठेकेदार के बिल पास करने के लिए रूपए मांगना पड़ा महंगा। ठेकेदार के बिल पास करने के लिए एसडीओ लाखों रूपए की मांग कर रहा था, हतास होकर ठेकेदार को एसीबी की शरण लेनी पड़ी।

केसीजी जिले में एसीबी की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छुईखदान में छापामार कार्रवाई कर अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ठेकेदार से बिल पास करवाने के नाम पर अधिकारी पैसे की मांग कर रहा था। बताया जा रहा है कि एसीबी की टीम ने डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत के साथ एसडीओ राजेश मडावे को रंगे हाथ पकड़ लिया। प्रार्थी ठेकेदार प्रवीण कुमार तिवारी की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई। प्रार्थी ने बताया कि एसडीओ राजेश मडावे कई महीनों से टेंडर के बिल को पास करने के एवज में पैसे की मांग करता था।

अंततः परेशान होकर प्रार्थी ने एसीबी में शिकायत की, इसके बाद आज एसीबी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छुईखदान पहुंचकर छापामार कार्रवाई करते हुए एसडीओ को गिरफ्तार कर लिया। बताते है ठेकेदार 10 प्रतिशत देने को तैयार था, 2 प्रतिशत एक्स्ट्रा के चक्कर में पीएचई का एसडीओ 12 मांग रहा था।

## केंद्रीय कार्यालय शुभारंभ के साथ कांग्रेस ने फूंका चुनावी बिगुल



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव चलते कांग्रेस अपनी राजनीतिक गतिविधियां जहां तेज कर दी है वही संसदीय क्षेत्र में सफल चुनाव संचालन के लिए केंद्रीय कार्यालय का शुभारंभ सत्य अहिंसा के मार्गदर्शक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेस ने अपनी तेज चुनावी मंशा जाहिर कर दी है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता एवं राजनांदगांव लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 2 तारीख को ऐतिहासिक नामांकन रैली के पश्चात तुलसी व्यापार विहार जीई रोड राजनांदगांव में चुनाव के संचालन के लिए केंद्रीय कार्यालय उद्घाटित करते हुए कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा की कुनीति और जनता के प्रति बेसुध जवाबदेही के कारण आज देश में जो महंगाई बेरोजगारी की हालत निर्मित हुई है वही संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग जगजाहिर है लोकतंत्र में विपक्ष जरूरी है लेकिन भाजपा विपक्ष को बर्दास्त नही कर पा रही है भाजपा के इन दमनात्मक नीति के विरुद्ध लड़ाई लड़ने का समय आ गया है, लोकसभा के इस चुनाव में हम सब पूरी कर्मकता के साथ भाजपा के खिलाफ चुनाव मैदान है भाजपा के विरुद्ध इस लोकतांत्रिक युद्ध में केंद्रीय कार्यालय से चुनाव का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक इंद्रशाह मंडावी, भोलाराम साहू पूर्व मंत्री धनेश पाटीला राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन, विनोद वर्मा प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, प्रेमचंद बाफना, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, जितेंद्र मुदलियार, निखिल द्विवेदी, आफताब आलम, रमेश डाकलिया, ब्लॉक अध्यक्षगण, आसिफ अली सूर्यकांत जैन, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संतोष पांडे एवं अभिषेक सिंह ने की चाय पर चर्चा

राजनांदगांव(दावा)। भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारी अपने अलग अंदाज मे करने के नाम से जानी जाती हैं। आज राजनांदगांव में सांसद प्रत्याशी संतोष पांडे एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने मोतीपुर में लाभार्थीयों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चाय पर चर्चा की और चर्चा में लाभार्थियों ने खुलकर नरेंद्र मोदी के कार्यों की प्रशंसा भी की।

चर्चा के दौरान मोदी जी की कार्यशैली और विश्व में भारत के नाम को सशक्त करने के लिए उनकी प्रशंसा की गई, इस दौरान उज्ज्वला योजना एवं महतारी वंदन योजना की बहनों ने मोदी जी को धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे दूरदृष्टि और मातृभूमि के लिए अपने जीवन को न्योछावर करने वाले नरेंद्र मोदी के ऊपर जब कांग्रेसी हमला करते हैं, या गालियां देते है तो उन्हें बहुत दुख होता है। नामांकन रैली में चरणदास महंत के बयान की चर्चा करते हुए लाभार्थियों में आक्रोश देखा गया। चाय पर चर्चा करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने सभी लाभार्थियों से हाल-चाल लेते हुए कहा कि आज वह आप लोगों के बीच आप लोगों की बाते सुनने आए है।

इस दौरान जिला भाजपा के उपाध्यक्ष सावन वर्मा एवं नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान कमलेश बंदे मदन यादव, अफजल खान, भीष्म देवांगन, मनीष जैन, दीपक साहू, अमित देवांगन, लाला यादव, सनी भाई बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आकाश चोपड़ा को लेकर उड़े



राजनांदगाँव (दावा)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव व पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय में अपनी भेंट दी व पार्टी कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात कर चुनावी अभियान की जानकारी ली वे कार्यालय की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे इस दौरान नेताओं ने जिला भाजपा के कार्यालय मंत्री व युवा नेता आकाश चोपड़ा के सेवाभावी स्वभाव से प्रभावित होकर उन्हें अपने साथ हेलीकाप्टर में लेकर रायपुर गए।

## कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया चुनावी जनसम्पर्क



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशानुसार व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका अध्यक्ष रतन यादव व कार्यकारी अध्यक्ष शेखर वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू साथ ही क्षेत्र की विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में दौरा कार्यक्रम आयोजित है।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धनेश पटिला, पूर्व विधायक भूनेश्वर बघेल, प्रदेश महामंत्री डॉ. थानेश्वर पटिला, शोभाराम बघेल, विवेक वासनिक, कमलेश्वर वर्मा, चित्रलेखा वर्मा, दुर्गेश द्विवेदी, गोविंद टंडन, लोकनाथ भारती, शिशुपाल भारती, धीरज मेश्राम, अजय मारकण्डे, अनिल मेश्राम, राजभान लोधी, घुमका सरपंच फुलमती वर्मा, नवीन लुनिया, गोपीचंद गायकवाड़, अश्वनी टंडन, कमल बंजारे घुमका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संगठन प्रभारी पंकज लाल बांधव, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, बुथ अध्यक्ष व त्रिस्तरीय पंचायती राज, जन प्रतिनिधिगण व समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी सदस्य, जिला कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ पदाधिकारी गण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल, अनुसूचित जाति, जन जाति विभाग प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित रहेगें।

कार्यक्रम की शुरूवात ग्राम तिलई 10:30 बजे से भेंट- मुलाकात विधिवत शुरूआत होगी पश्चात ग्राम पदुमतरा, खैरझिटी, डुमरडीह, कलडबरी, बरगाही, ऊपरवाह, 1:20 को पहुँचेंगे। दोपहर लंच पश्चात ग्राम मुढ़पार 1:30 बजे से शुरूवात सलौनी, चारभाठा, बिरेझर, जराही(मुरमुन्दा) कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल होगें। दोपहर 2:45 बजे ग्राम- मोहंदी, बिजेतला, ईरईकला, ईरईखुर्द, पटेवा, मासुल, जुरलाखुर्द, भैसातरा, सहसपुर दल्ली, गोपालपुर, 6:50 तत्पश्चात सिंगारपुर ठेकलाडीह, डुमरडीह कला, रंगकठेरा, दौरा कार्यक्रम विश्राम। सभी कांग्रेस जन से अनुरोध किया गया है निर्धारित समय सीमा स्थान में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेंटी उपाध्यक्ष व घुमका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संगठन पंकज बांधव ने दी।

## 23 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र किया जमा

**नामांकन पत्रों की संवीक्षा आज, नाम वापसी की अंतिम तिथि 8 अप्रैल तक**



राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए 23 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जिसमें बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी), इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी नरेश मोटघरे, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी नारद प्रसाद निषाद, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपूत, न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी रामफल पाटिल, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी ललिता कंवर, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी लाखन सिंह टंडन, लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी श्रीकान्त कासेर तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली, गजेन्द्र साहू, त्रिवेणी पडोती, दाऊ सिंह चौहान, बसंत कुमार मेश्राम, भुवन साहू, महेन्द्र कुमार साहू, रमेश यादव, रेखचंद मण्डले, विशेष धमगाये, सच्चिदानंद कौशिक, एएच सिद्दीकी, सुखदेव सिन्हा शामिल हैं। आज 11 अभ्यर्थियों ने 13 नाम निर्देशन पत्र जमा किए। कुल 244 नाम निर्देशन पत्र लिए गए।

नामांकन पत्रों की संवीक्षा शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे से की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को होगी। पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक एवं मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से होगी। गुरूवार 6 जून 2024 के पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा।

## नकली उत्पाद की शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने दी दबिश



राजनांदगांव (दावा)। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार नकली उत्पादन की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर के लगभग 1 दर्जन से अधिक रिटेल एवं थोक व्यापारियों के यहां दबिश देकर जांच पड़ताल की गई। उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि वचन घी निर्माता कंपनी द्वारा वचन शुद्ध घी 15 लीटर की डुप्लेकेसी के संबंध में शिकायत दर्ज करायी गई थी।

विनिर्माता कंपनी के अनुसार कंपनी द्वारा वचन घी 15 लीटर टिन का निर्माण पूर्व में ही बंद किया जा चुका है, किंतु शहर के बाजार में वचन घी 15 लीटर टिन की बिक्री एवं भंडारण किया जा रहा है, जो कंपनी का उत्पाद नहीं है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा लगातार जांच पड़ताल की गई। जांच के दौरान आरके ट्रेडर्स राजनांदगांव में संदेहास्पद वचन घी 15 लीटर टिन पाई गयी, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव के अनुसार मौके से वचन घी की गुणवत्ता एवं अन्य परीक्षण हेतु सेंपल जप्त कर लगभग 42 हजार रूपए मूल्य की वचन घी 15 लीटर टिन को संचालक की अभिरक्षा में अभिगृहित किया गया है। संदेहास्पद वचन घी के निर्माता व वितरक आदि की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव, सुश्री अंगेश्वरी कचलाम, नेमीचंद पटेल, भूषण तंवर सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य उपभोक्ताओं से खाद्य सामग्री की गुणवत्ता देखकर उपयोग करने तथा गुणवत्ता संबंधी शिकायत के लिए विभागीय हेल्प लाईन नंबर 9340597097 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है।

## 153 की तर्ज पर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र को भी भाजपा ने छोड़ा जगजाहिर : रूपेश दुबे



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशी के फ्लाप नामांकन रैली पर कहा कि जिस प्रकार से लोकसभा चुनाव में पूरे देश के 153 सीटों पर भाजपा अपनी धरातल नाप कर उन सीटों की गिनती नहीं कर पा रही है, उसी तर्ज पर आज भाजपा के नामांकन रैली से यह भी साबित हो गया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र को भी भाजपा इसी के अंतर्गत रखी है।

मुख्यमंत्री की दो बार की उपस्थिति में भी भाजपा के कार्यकर्ता अभी तक अपने आप को संतोष पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए तैयार नहीं कर पा रहे हैं, बमुश्किल 1000 लोगों वाले स्थान से नामांकन रैली निकालकर गुरुद्वारा चौक तक अपने ही लोगों को भी भाजपा एकजुट नहीं कर सकी, इससे साबित हो गया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में भाजपा की हार सुनिश्चित है। पहले भी देश के परिपेक्ष में भाजपा 400 का नारा देकर 153 सीटों में अपनी हार सुनिश्चित मान ली है, उसी क्रम में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में भी उनकी हार सुनिश्चित है। साथ ही साथ 15 वर्षीय भाजपा सरकार के निष्क्रिय कार्यकाल और लगातार भाजपा द्वारा प्रत्याशी बदले जाने के कारण धोखे से मिली जीत के बाद इस बार सांसद को रिपीट कर भाजपा ने खुद को हार का मजा चखाने के लिए जनता को सुनहरा अवसर दे दिया है, जिसके लिए भी जनता आतुर है।

## संतोष पाडे की नामांकन रैली में मो. इरफान शेख समर्थकों का रहा वर्चस्व

**सभा, रैली और नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में रहे उपस्थित**



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संतोष पांडे की सभा, रैली और नामांकन के दौरान आज 04 अप्रेल को भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के समर्थकों का वर्चस्व रहा।

लोकसभा क्षेत्र के चारों जिले और आठो विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में पहुंचे पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रैली सभा नामांकन के दौरान बढ़-चढ़कर उपस्थिति दी। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित तमाम दिग्गज नेता की मौजूदगी में आज लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संतोष पांडे ने अपना नामांकन दाखिल किया। इनमें भी मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में उनके समर्थक जोश खरोश के साथ नरेंद्र मोदी जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के जमकर नारे लगाये। जनाब शेख के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का जोश खरोश देखकर संतोष पांडे बार-बार आकर्षित होते रहे और उनके चेहरे पर विजयी मुस्कान दिखने लगी थी।

इस दौरान जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के साथ प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इमरान बीबा, जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ, असलम खान, सलीम कुरैशी, नदीम बडगूजर, अनिल जैन, अफसर खान, बबलू भाई, रफीक खान, तबरेज खान, राहुल भोईर सहित अल्पसंख्यक मोर्चे के नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> **"अपने अनिवार्य कार्य करो, क्योंकि वास्तव में कार्य करना निष्क्रियता से बेहतर है।**

# साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी भक्तमाता कर्मा भक्ति एवं कर्म का अद्भुत समन्वय



**डी.एन. साहू**

साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी माता कर्मा ने आज से एक हजार साल पहले दलित, शोपित पनि एवं महिल के उत्थान तथा जागृति के लिये संघर्ष किया था। जबकि उस समय पूरे देश में राजतंत्र का बोलबाला था। राजा र वाली कहावत चरितार्थ थी ।

माताकर्मा का जन्म संवत् 1073 के चैत्र कृष्ण पक्ष ''पापमोचनी एकादशी के दिन इसी रामशाह एवं माता कमलाबाई के घर हुआ था। कर्मा राम शाह के धर्म एवं कर्मो के फलस्वरूप पैदा हुई थी इसलि बालिका का नाम कर्मा रखा गया वह अपने माता पिता की एकमात्र संतान थी।

माता-पिता भगवान कृष्ण के भक्त होने के साथ-साथ गीता में दिए गए उपदेश के अनुसार कर्मयोगी भी थे। फलतः बालिका कर्मा पर भक्तियोग एवं कर्मयोग का गहरा असर पड़ा। वे भगवान की भक्ति के साथ कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन पर भी विश्वास रखती थी। कर्म करो फल को आशा मत रखो।

बेटी कर्मा बड़ी हुई तो उसका विवाह नरवरगढ़ जिला शिवपुरी म.प्र. के अत्यन्त संभ्रान्त तैलिक वैश्यश्री के सुपुत्र श्री नंदशाह के साथ रामशाह जी ने बड़े धूमधाम से कर दिया। बचपन में भगवान कृष्ण की उपासक होने के कार्यों के साथ कर्मयोगी भगवान कृष्ण की भक्ति बराबर करती रही। संपन्न परिवार में जन्मी एवं विवाहित पढ़ी लिखी कर्मा ने तत्कालीन समाज की व्यवस्था का भी गहराई से आध्वन ससुराल में भी कर्मा घर गृहस्थी के किया उस समय मंदिरों में सिर्फ ऊंची जाति के लोगों को ही प्रवेश दिया जाता था। महिलाओं एवं अन्य जातियों को नहीं मिलता था। कर्मा ने इनके खिलाफ जनता के बीच जाकर जनजागृत करने का बीड़ा उठाया परिणामस्वरूप पूरा अभिजात्य वर्ग कर्मा एवं उसके परिवार के खिलाफ हो गया। प्रारंभ में कर्मा के पति विलासी स्वभाव के थे, किन्तु कर्मा की प्रेरणा से वे भी कृष्ण भक्ति एवं कर्म मार्ग की ओर प्रवृत्त हुए और कर्मा को पूरा-पूरा सहयोग देने लगे। इसके अभिजात्य वर्ग और भी क्रोधित हो उठे और उन्होंने कर्मा के परिवार के साथ-साथ सम्पूर्ण तैलिक परिवार के सर्वनाश हेतु बीड़ा उठाया। उन्होंने नरवरगढ़ के राजा के कान भरे एवं कर्मा एवं उसके पति के खिलाफ भड़काया। संयोग से प्रिय हाथी को खुजली की बीमारी हो गई, राजवैध ने कहा कि हाथी को तेल के कुंड में नहलाने से ही बीमारी दूर होगी। फिर क्या था, राजाज्ञा हुई। सारे तैलिक परिवार को आदेश हुआ कि वे कुण्ड को तेल से भरें, वो भी मुफ्त में। एक महीन तेल के व्यवसायी कुण्ड भरते रहे पर यह कुंड क्या छोटा सा तालाब था उसमें तो एक बूंद भी तेल नहीं रूकता था। राजा के मुताबिक तेल का कुण्ड नहीं भरने पर सारे तैलिक परिवार को देश निकालने का दण्ड मिलना था। कर्मा को ज्ञात हुआ तो उन्होंने कर्मयोगी भगवान कृष्ण को पुकारा। हे भगवान आपने द्रौपदी की लाज रखी उसी प्रकार मेरी लाज रखिए। स्वप्न में भगवान ने माँ कर्मा को आदेश दिया कर्मा अपने घर से एक बड़ा तेल लेकर कुण्ड में डालो, बाकी काम मेरा।



**आज कर्मा जयन्ती पर विशेष**

रात्रि के समय कर्मा भगवान कृष्ण के आदेश के अनुसार एक घड़ा तेल कुण्ड में डाली। चमत्कार हुआ। भगवान कृष्ण ने द्रौपदी के चीर अवतार की तरह तेल अवतार धारण किया। रातों रात कुंड तेल से लबालब भर गया। प्रातः काल पूरे नगर में हल्ला मच गया। लोग कर्मा की जय-जयकार करने लगे। हाथी की बीमारी तो दूर हो ही गई लेकिन उसस अभिजात्य वर्ग एवं राजतंत्र तैलिक परिवार खासकर कर्मा परिवार के घोर विरोधी बन गए।

समय आने पर कर्मा ने एक सुंदर बालक को जन्म दिया। भगवान की कृपा से उनका घर परिवार धन धान्य से समृदद्ध हो गया। किन्तु ईश्वर को कुछ और मंजूर था उसे कर्मा के द्वारा बहुत से कार्य करवाने थे। किंबदन्ती है कि कमों के पति की हत्या राजा ने करवाई थी। किन्तु उस बात को छिपा दिया गया एवं बीमारी से मरने की खबर उड़ाई गई। पानि की मृत्यु से दुखी कमां उस जमाने के रिवाज के अनुसार सती होना चाहती थी। किन्तु भगवान ने आकाशवाणी में कहा- कर्मा तू सती मत हो गर्भ में तेरा पुत्र पल रहा है उसके जन्म के बाद पालन पोषण करके तुम्हें लोक कल्याण का कार्य करना है। सम्मान के दबे कुचलेर शोषित, पीड़ित लोग तुम्हारी राह देख रहे हैं।

कार्यों में भगवान के आदेश को पालकर सबसे पहले अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई। उन शुरू किया प्रथसाइ रियासत के अन्तर्गत तेल बेचना बंद। कर्मा पूरे तैलिका परिवार के साथ परिवारों पितृगृहसंसी चाली गई यह राजतंत्र के खिलाफ पहला विद्रोह था। कहते हैं आज भी नरवरगढ़ में तैलिक परिवार का नाम लेवा नहीं है।

समय आने पर कर्मा ने अपने दूसरे पुत्र को जन्म दिया एवं कुछ बड़ा होने पर दोनों पुत्रों को पिता को सौंप कर रातों रात घर से बाहर निकल गई। वे सम्पूर्ण भारत बंगाल, बिहार में जनजागृत करते हुए उड़ीसा के जगन्नाथपुरी पहुंची। भगवान जगन्नाथ के मंदिर में उस समय पंडा पुजारियों का ही बोलबाला था। अन्य जाति के लोगों को एवं स्वियों को मंदिर में प्रवेश वर्जित था।

कर्मा को पंडा पुजारियों में मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया, एवं धक्के मारकर गिरा दिया तथा उठाकर दूर समुद के किसने फिकवा दिया। जब कर्मा को होश आया तो उन्होंने भगवान को पुकारा है भगवान क्या तुम सिर्फ पंडा पुजारियों के हो। बाकी के भगवान नहीं हो। कहते हैं भगवान जगन्नाथ स्वयं मंदिर से उठकर कर्मा के सामने आ गये और वरदान मांगने कहा। कर्मा ने दो वरदान मांगे। पहला यह कि आपका मंदिर आज से सभी जातियों के लिये खुला रहे, दूसरा आज सबसे पहले भोग आप मेरी खिचड़ी का लेंगे, उसके बाद ही छप्पन प्रकार का भोग लेंगे, भगवान ने दोनों वरदान देकर कहा कि अपनी ओर से में तुम्हें वरदान देता हूँ कि जो भी व्यक्ति इस कहानी को सुनेगा, सुनाएगा तथा चैत्र बदी एकादशी को दिन जत रखकर मेरे साथ तुम्हारी पूजा अर्चना करेगा उसका घर सुखी एवं धनधान्य से समृद्ध रहेगा। उसी दिन से भगवान जगन्नाथ के मंदिर सभी जातियों के लिए चालू हुआ एवं माता कर्मा की खिचड़ी का प्रथम भोग भगवान जगन्नाथ मंदिर में लगता है। सभी जाति के लोग जो भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने जाते हैं, उसी खिचड़ी का महाप्रसाद ग्रहण करते हैं एवं अपने घर लाकर सारे परिवार को ग्रहण कराते हैं। अंतिम समय में गंगाजल के साथ उसी प्रसाद को जिसे भी पान कराया। उसकी निश्चित रूप से मुक्ति होती है। असंध आने पर लोक सेवा चोना कल्याण कार्य करती हुई माता कर्मा पंच तत्व में विलीन हो गई।

### चमत्कार

विवाह के पूर्व कर्मा अपनी सहेलियों सहित बेतवा नदी में नहाने गई थी, इनकी एक प्रिय सहेली नदी में खूब गई। सैकड़ों लोगों ने डूबी हुई लड़की को कई घण्टे खोजा किन्तु पता न चल सका। अंत में कर्मा ने अपनी भक्ति की शक्ति से बेतवा नदी की जलधारा को उल्टा प्रवाहित कर डूबने से मरी सहेली को जीवित बाहर निकालने को बाध्य कर दिया। इस प्रकार माता कर्मा ने धार्मिक क्रांति के साथ अपने भक्ति एवं कम्र्रयोग से समाज को नई चेतना एवं नई दिशा प्रदान किया। कर्मा के बारे में साहित्य का अभाव है किन्तु यदि शोध कार्य किया जाये तो आज के युग में महात्मा गांधी के असहयोग आन्दोलन एवं मीरा की भक्ति से किसी भी रूप में कम नहीं है। यदि कर्मा ने अभिजात्य कुल में जन्म लिया लता तो जरका नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा होता, किन्तु तैलिक कुल में जन्म होने के कारण इतिहास को उलट पलट कर प्रस्तुत किया गया है। आशा एवं विश्वास है कि भविष्य में विज्ञ साहित्यकारगण अवश्य ही इसे अपने शोध का विषय बनाएगें।

**पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सलाहकार**
**वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ जिला सोहू संघ**
**राजनांदगांव छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ मो.नं.**
**9827493564, 7587364089**

# नक्सली नासूर पर नियंत्रण, सरकार को निकालना होगा व्यवहारिक उपाय

दरअसल, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समूहों को लगता रहा है कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं। जबकि सरकार का तर्क रहा है कि विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने और आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए औद्योगिक इकाइयों का विस्तार जरूरी है। इसे लेकर

तमाम प्रयासों के बावजूद छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना चुनौती बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर वहां नक्सली सक्रिय हो उठते और सुरक्षाबलों को चुनौती देते रहते हैं। अब तक वे बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों, राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की हत्या कर चुके हैं। अभियान चला कर सुरक्षाबलों ने भी अनेक नक्सलियों को मौत के घाट उतारा है। लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है।

उसी का नतीजा है कि बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान दस नक्सली मारे गए। यह निस्संदेह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी कही जा सकती है कि नक्सलियों को योजनाएं अंजाम देने से पहले ही मार गिराया गया। मगर वहां किस तरह नक्सली नासूर को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा, इसका दावा करना मुश्किल बना हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से पार पाने के लिए कठोर से कठोर दमन का रास्ता आजमा चुकी हैं, पर उनका मनोबल तोड़ पाने में विफल ही रही हैं।

दरअसल, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समूहों को लगता रहा है कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं। जबकि सरकार का तर्क रहा है कि विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने और आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए औद्योगिक इकाइयों का विस्तार जरूरी है। इसे लेकर शुरू में सरकार और नक्सली नेताओं के साथ बातचीत के प्रयास भी हुए, पर उनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया। फिर सरकार ने आदिवासियों के भीतर से ही नक्सलियों के खिलाफ विद्रोह और दमन की रणनीति बनाई, पर वह भी कामयाब नहीं रही। उससे खून-खराबा जरूर कुछ अधिक बढ़ गया था।

लंबे समय से अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, हेलीकाप्टर आदि के जरिए उन पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही है। नक्सली समूहों को मिलने वाली वित्तीय मदद, साजो-सामान आदि की पहुंच रोकने और स्थानीय लोगों से उनकी दूरी बढ़ाने के भी प्रयास होते रहे हैं, पर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब तक इसका कोई व्यावहारिक उपाय नहीं निकाला जाता, इस समस्या पर काबू पाना कठिन बना रहेगा।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 110 : परशुराम जी के क्रोध रूपी ज्वालामुखी पर श्री राम रूपी मेघ की वर्षा



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

'ओह! तो ये आपके शिष्य हैं मुनिवर!' क्रोध में आगे बढ़ रहे परशुराम जी ऐसा कहते हुए अपने स्थान पर खड़े हो गए।महर्षि विश्वामित्र,परशुराम जी के लिए भी सम्मानित हैं।ऋषि परंपरा में उनसे भी वरिष्ठ।वे मानो विश्वामित्र जी से आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहना चाहते हों कि आपके शिष्य में ऐसा अवज्ञा भाव कहां से आ गया।

साहस करके महाराज जनक ने भी पूरे घटनाक्रम की परशुराम जी को संक्षेप में जानकारी दी, 'यह सच है कि यह धनुष, कुमार राम के स्पर्श से टूटा है लेकिन ऐसा उन्होंने भगवान शिव का अपमान करने के लिए या आपको रूष्ट करने के लिए नहीं किया है, बल्कि मेरी पुत्री सीता के स्वयंवर की शर्त को पूरा करने के लिए उन्होंने शिव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ानी चाही और धनुष हाथ में लेते ही प्रत्यंचा चढ़ाने के क्रम में ऐसी घटना हो गई।'

'हां परशुराम जी! महाराज जनक सही कह रहे हैं। ये दोनों राजकुमार राम और लक्ष्मण मेरे ही शिष्य हैं। एक विशेष प्रयोजन के लिए मैं इन्हें साथ लेकर अयोध्या से निकला था और परिस्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि हम लोग यहां जनकपुरी पहुंच गए।' विश्वामित्र जी ने कहा।

परशुराम जी ने उत्तर दिया,'आपका शिष्य होने से इनके अपराध कम नहीं हो जाते हैं। सर्वप्रथम तो यह बालक दंडित होगा जो अपने भ्राता की गलती स्वीकार करने के बदले अनर्गल तर्क पर उतारू है।'

'अगर आप दंड देना चाहते हैं तो मुझे स्वीकार है।इससे इस बात का परीक्षण हो जाएगा कि आपमें दंड देने की सामर्थ्य है कि नहीं।' लक्ष्मण की इस बात को सुनकर परशुराम जी का क्रोध सातवें आसमान पर पहुंच गया। सभा में भी कुछ लोगों के मध्य इस बात की कानाफूसी होने लगी कि कनिष्ठ कुमार अपनी मर्यादा का उल्लंघन कर रहे हैं।

परशुराम जी के पास अपना जगत प्रसिद्ध परशु है तो कंधे पर धनुष बाण भी है। उन्होंने अपने भयंकर परशु को दाहिने हाथ में लिया और उसे हवा में लहराते हुए लक्ष्मण जी पर प्रहार करने को उद्यत होने लगे। लक्ष्मण जी इसकी प्रतिक्रिया में कुछ कर पाते या कह पाते, इससे पूर्व ही श्री राम ने लक्ष्मण को शांत रहने का संकेत किया और स्वयं आगे बढ़े। उन्होंने परशुराम जी से कहा, 'प्रणाम मुनिवर! आपका अपराधी मैं हूं और आपके आघात को सहन करने के लिए प्रस्तुत हूं। आपका दंड मुझे शिरोधार्य है।'

परशुराम जी को श्री राम से इस विनम्र व्यवहार और कोमल वचनों की अपेक्षा नहीं थी। उन्होंने अपना कुठार वापस रखा और अपने स्थान पर ही ठहर गए।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### दृढ़ इच्छा शक्ति

सफलता का मूलमंत्र - गुणों की आवश्यकता,
महत्वपूर्ण है परिश्रम - दृढ़ इच्छा शक्ति
धन बल है विद्या है - किंतु दृढ़ता का अभाव,
साधन विहीन बन जाता है - विशिष्ट विद्वान।
दृढ़ता से आत्मविश्वास, अध्यवसाय के गुण,
दृढ़ इच्छा शक्ति आंखों में लाती है, सम्मोहन,
निर्बल हो जाता है सवल, सृजन शक्ति का विकास,
करें बारंबार अभ्यास, कठिन हो जायेगा सरल।
विचारों में शक्ति, उत्थान और पतन इसी पर निर्भर,
अवरोधों का करें, साहस के साथ मुकाबला,
डरो मत, आगेब बढ़ो, न कर असफलता का परवाह,
असफलता ही सफलता की सीढ़ी, सर्जनात्मकता के साथ बढ़े।
हटाएं 'इगो'(अहं) अपने मन से, बने, चिन्तक,
अज्ञानता को ज्ञान से जीतें, मन को करें प्रकाशित,
जिद, घृष्टता को छोड़े, मन को बनाएं उदार,
सहृदयता, सहिष्णुता का हो विकाय, तब होगा उद्धार।
अनैतिकता, कलह परिवेश से बचे, सदाशयता को चुनें,
विचारों में स्वतंत्रता हो, आचार, विचार का हो समन्य
वाणी में दृढ़ता और विनम्रता हो, धैर्यता हो
अनेक विफलताओं के बाद, मिली लिंकन को सफलता,
सिकन्दर और नेपोलियन, चंद्रगुप्त मौर्य अटल रहे
अपने निश्चय पर,कोलबस की दृढ़ इच्छा शक्ति ने,
अटलांटिक पार नया संसार खोज निकाला,
रूप-रंग, धन-यौवन में, उतना आकर्षण
नहीं जितना दृढ़ इच्छा शक्ति में होता है।

**देवेन्द्र महोबे**
**खैरागढ़**

## सामयिक चर्चा

### होली के बाद के खेल

नेताओं के एक से एक
'बिगड़े बोल' पढ़-पढ़कर
खीज कर बानी बोले - गजाधर !
ये सब मुझे
बड़ा खल रहा है
क्या होली का हुड़दंगी खेल
अभी तक चल रहा है ?
गजाधर मुस्कराए
बोले - बानी ! ये होली नहीं
चुनाव का खेल चल रहा है।




– गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -017

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, ईसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 016 का हल**



## सू- दोकू क्र.017

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.016 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# चिलचिलाती धूप ने सोख लिया है शरीर का पानी

चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल करना शुरू कर दिया है। अप्रैल की शुरुआत के साथ ही गर्मी का सितम भी बढ़ने लगा है। हाल ही में भारतीय मौसम विभाग की तरफ से भी तीन महीने भीषम गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की गई है। ऐसे में इस मौसम में धूप और गर्मी से खुद को बचाकर हेल्दी रहने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखा बेहद जरूरी है।

विटामिन सी से भरपूर संतरे पानी का बढ़िया सोर्स होते हैं। इसमें मौजूद हाई वॉटर कंटेंट गर्म मौसम में आपको हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन सी आपकी इम्युनिटी बेहतर कर आपको कई बीमारियों से बचाता है।

### तरबूज

गर्मियों में शरीर में पानी की पूर्ति करने और खुद को हाइड्रेट रखने के लिए तरबूज एक बढ़िया विकल्प है। इसमें 92 प्रतिशत पानी पाया जाता है, जो इसे गर्मियों के लिए एक बेहतर फल बनाता है। यह न सिर्फ हाइड्रेटिंग है, बल्कि स्वादिष्ट और लो कैलोरी वाला भी है।

### स्ट्रॉबेरी

स्ट्रॉबेरी कई लोगों का पसंदीदा फ्रूट है। यह न सिर्फ स्वाद में बढ़िया होती है, बल्कि इसे पानी की भी अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, स्ट्रॉबेरी आपको फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान और गर्मी से बचा सकती है।

### पाइनएप्पल

पाइनएप्पल, जिसे अनानास भी कहा जाता है, गर्मियों के लिए एक बढ़िया फल है। यह फल न सिर्फ स्वादिष्ट है बल्कि हाइड्रेटिंग भी है, जो आपके शरीर में पानी की पूर्ति कर सकता है। इसके अलावा, पाइनएप्पल में जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो आपके पूरे स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

### खीरा

खीरे में भी 96 प्रतिशत पानी पाया जाता है, जो किसी भी अन्य से सबसे ज्यादा है। ये ताजा और हेल्दी ऑप्शन आपको हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। आप इसे सलाद, स्नैक्स आदि के रूप में डाइट में शामिल कर सकते हैं।

## राशिफल



**मेष**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे जिसकी बातों से आपके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा कोई शख्स कल आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा। आपसे कुछ नया सीखेंगे।



**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज व्यापार में अच्छा लाभ होने से आप अपनी नयी ब्रांच ओपन करने का विचार अपने घर के साथ करेंगे। आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलने से कोई बड़ी समस्या का समाधान कर लेंगे। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा।



**मिथुन**

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप किसी अपने के साथ बहस करने से बचे, जिससे आपका समय बचेगा। ऑफिस में आज आपके ड्रेसिंग सेंस के बारे में तारीफ करेंगे। लवमेट में चल रही अनबन आज समाप्त होगी लोग एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।



**कर्क**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप जिस काम को काफी दिनों से करने की सोच रहे थे उस काम की शुरुआत आज से कर सकते हैं। दान धर्म के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। भाई व बहनों से चल रही अनबन बातचीत के जरिए समाप्त होगी। जल्द ही आपको काम के अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। ज्यादा व्यस्त रहने के कारण आप अपने आसपास ध्यान नहीं दे पाएंगे। अपनों के प्रति प्रेम और विश्वास बढ़ेगा। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप उनसे किए हुए वादों को पूरा करेंगे।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है।आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे। आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को मानसिक बोझ से छुटकारा मिल सकता है।



**वृश्चिक**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा।



**धनु**

आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। अपने जरूरी कामों की सूची बनाएंगे जिससे काफी हद तक करने में सफल रहेंगे। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा।



**मकर**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आपको आर्थिक मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका मन धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। आज आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी काम के लिए की गई आपकी मेहनत रंग लायेगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। किसी काम के पूरे होने पर आपको प्रसन्नता होगी। आज कार्यस्थल पर हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा।

# युगान्तर के नये प्राचार्य डॉ. मधु पोनुगोटी ने पदभार संभाला




राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य के रूप में आज डॉ. मधु पोनुगोटी चौधरी ने पदभार संभाल लिया। इस दौरान संस्था के सेक्रेटरी विनय डड्ढा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, पारस अग्रवाल, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, टीचिंग और नान टीचिंग स्टॉफ उपस्थित रहा। अपने स्वागत भाषण में संस्था के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने सर्वप्रथम नवनियुक्त प्राचार्य का परिचय देते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में विगत 16 वर्षों से देश के ख्यातिलब्ध संस्थाओं में शिक्षा के क्षेत्र में सफलतापूर्वक सेवाएँ दे चुके हैं। इनमें साउथ अफ्रीका, महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश के ख्याति प्राप्त विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने एमएससी फिजिक्स तथा इसी विषय में डॉक्टरेट की उपाधि भी प्राप्त की है। यही नहीं इन्टरनेशनल डिप्लोमा इन स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट की उपाधि भी प्राप्त की है। इसके अलावा उन्होंने टीईएफएल सर्टिफिकट फ्रॉम यूके भी प्राप्त किया है। उन्होंने आगे कहा कि संस्था को उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर ले जाने की जिम्मेदारी प्राचार्य और उसकी टीम की होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ मधु पोनुगोटी नेतृत्व में संस्था निरन्तर प्रगति करेगी। संस्था के टीचर्स व कर्मचारी उस संस्था की संपत्ति होती है। उन्हें संभालकर ले चलने की जिम्मेदारी प्राचार्य की होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ मधु पोनुगोटी इन सबको साथ लेकर चलेंगे और संस्था का निरन्तर विकास करेंगे। हमारी संस्था विगत 27 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रही है। नवनियुक्त प्राचार्य भी युगांतर को नित नए इनोवेशन के जरिये इसका नाम शिक्षा जगत में सुनहरे अक्षरों में लिखेंगे। सभी प्राचार्य का कार्य काल युगांतर के लिए पूर्ण समर्पित होकर कार्य करने का रहा है। इस परंपरा का निर्वहन भी डॉ मधु पोनुगोटी पूर्ण समर्पण के साथ करेंगे। इसी तारतम्य में डॉ मधु पोनुगोटी ने कहा कि युगांतर का टीचिंग और नान टीचिंग स्टाफ समर्पित होकर कार्य करने में सक्षम है। मुझे इस बात का गर्व है कि प्रबंध समिति के द्वारा प्राचार्य के पद का दायित्व सौंपा गया है। मैं इस पद का दायित्व पूरी निष्ठा के साथ निभाने की कोशिश करूँगा। उन्होंने युगांतर के नाम को सर्वोच्च ऊँचाई पर पहुँचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई के द्वारा बताए गए नॉर्म्स का शिक्षक-शिक्षिकाएं खुद विश्लेषण करें और अपनी कमियों को दूर करने का स्वयं प्रयास करें। उन्होंने बताया आगामी शनिवार को इस विशेष प्रकिया के जरिये शिक्षक-शिक्षिकाएं स्वयं का आंकलन करेंगे। इस सत्र से शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा वार्षिक लेशन प्लान भी बनवाया जाएगा, जिससे शैक्षणिक प्रकिया प्रभावकारी बन सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत में कोई जूनियर सीनियर नहीं होता है। सारा स्टॉफ एक इकाई के रूप में बच्चों के हित के लिए कार्य करता है। उन्होंने शैक्षणिक स्टॉफ से इस दिशा में कार्य करने को कहा। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इसका करतल ध्वनि से स्वागत किया। उद्बोधन के पहले संस्था के पदाधिकारियों व टीचिंग स्टाफ ने पुष्प-गुच्छ से प्राचार्य डॉ मधु पोनुगोटी का स्वागत किया। तत्पश्चात् उन्हें सभी ने अच्छे कार्य करने की शुभकामनाएँ दी।

# आज कर्मा जयंती पर डोंगरगांव में निकलेगी शोभायात्रा



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव नगर में साहू समाज द्वारा आज समाज अधिष्ठात्री देवी कर्मा की जयंती पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। तहसील स्तरीय इस आयोजन में शोभायात्रा मटिया से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए मटिया स्थित तहसील साहू संघ के भवन में संपन्न होगा।

एक प्रेस विज्ञप्ति में तहसील सचिव धनराज साहू व नगर सचिव नारायण साहू ने बताया कि ग्राम साहू समाज मटिया, नगर साहू संघ डोंगरगाव, तहसील साहू संघ डोंगरगांव के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम मे डोंगरगांव व खुज्जी विधायक दलेश्वर साहू व भोलाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति गीता घासी साहू, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, संरक्षक डॉ. निरेन्द्र साहू, पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नीरा साहू व शैलेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, जिला पंचायत सदस्य इन्दुमति साहू, श्रीमती संध्या साहू, गुलशन हिरवानी, पूर्व अध्यक्ष जीवन साहू, पार्षद रूखमणी साहू व डिकेश साहू, समाजसेवी कौशल राम साहू बतौर अतिथि होंगे। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, नगर अध्यक्ष कौशल कुमार साहू व मटिया के अध्यक्ष नामदेव साहू ने सामाजिक जनों से इस अवसर अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

### इन स्थानों पर भी होगा आयोजन

तहसील के अनेक स्थानों पर लगातार कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने की जानकारी मिली है जिसके अनुसार 5 अप्रैल को ही केसला, 6 अप्रैल अर्जुनी, 7 अप्रैल को जोंधरा, बोदेला, सिवनीखुर्द, फरहद, 8 अप्रैल को जामसरार व पांगरी, 9 अप्रैल घोरदा, 11 अप्रैल चांद सुरूज व जारवाही मे कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है।

## पहला कॉलम...

### विधायक भोलाराम ने शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू आज ग्राम खुर्सीटिकुल पहुंचकर सीमा सुरक्षा बल के शहीद जवान तुमेश्वर यादव के शहदत दिवस पर उनके प्रतिमूर्ति पर पुष्पमाला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया और उनके देश सेवा में किए गए योगदानों को याद किया।

### बुचीभरदा में शत-प्रतिशत मतदान करने भरा संकल्प पत्र



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला बुचीभरदा, संकुल केन्द्र सुरगी के पूरे 32 छात्र-छात्राओं के आग्रह पर उनके माता-पिता एवं पालकों ने 'लोकतंत्र का महापर्व' लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अनिवार्यतः अपने-अपने मतदान केंद्रों तक जाकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प पत्र आज 04 अप्रैल गुरुवार को भरा। मतदाता जागरूकता अभियान के लिए इस संकल्प को भरवाने में प्रधान पाठक राकेश सोनी, शिक्षकगण किशन कुमार, लेमत भुआर्य की सहभागिता रही।

### नवमीं में तारिणी वर्मा, 11वीं में भूपेश सिन्हा रहे प्रथम



बेलगांव (दावा)। शा. उ. मा. विद्यालय बेलगांव विकासखंड डोंगरगढ़, में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के कक्षा-नवमीं व कक्षा ग्यारहवीं के स्थानीय परीक्षा 2024 का परीक्षाफल 04 अप्रैल दिन गुरुवार को संस्था के प्राचार्य श्रीमती कालिन्दी तिवारी, परीक्षा प्रभारी श्रीमती पी. मराड़े तथा संस्था के व्याख्याता श्रीराम लहुरिया, श्रीमती सीमा बोदलकर, श्रीमती लोकेश्वरी साहू, श्रीमती अनिमा तिर्की, श्रीमती दिव्या बोपाचे, श्रीमती पूर्णिमा साहू, पी.टी.आई. तरुण कुमार वरकडे, शिक्षक अनूप कुमार मंडल की उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा नवमीं में कु. तारणी वर्मा प्रथम स्थान 89.5 प्रतिशत, द्वितीय स्थान कु. नीलम वर्मा 86.2 प्रतिशत तथा डिंपल सिंह ने 83.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम स्थान वाणिज्य संकाय से भूपेश सिन्हा 88.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान कु. विद्या मानिकपुरी 80.8 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय से तथा कु. प्रेरणा वर्मा 80.4 प्रतिशत गणित संकाय से तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा नवमी का परीक्षाफल 70-70 प्रतिशत रहा। तथा कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षाफल 80.9 प्रतिशत रहा। संस्था के प्राचार्य तथा शिक्षकों द्वारा सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। पूरक आये विद्याधियों की तैयारी दिनांक 06 अप्रैल से नियमिल कक्षाएँ लगाकर कराये जाने के निर्देश संस्था के प्राचार्य द्वारा दिया गया।

### सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शशि रंजन को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक का मोबाईल नंबर 7647044640 है। भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अधिकारी प्रवीण रंजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक का मोबाईल नंबर 7647042593 है। इसी तरह भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी योगेन्द्र कुमार को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रेक्षक का मोबाईल नंबर 7647042836 है। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन से सुबह 9 बजे से 10 बजे तक तथा व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन एवं पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र कुमार से सुबह 10 बजे से 11 बजे तक नवीन विश्राम गृह में सामान्य नागरिक निर्वाचन संबंधी जानकारी एवं शिकायत के समाधान के लिए मुलाकात कर सकते हैं।

# विद्युत कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन



छुरिया (दावा)। कल्लूबंजारी क्षेत्र में विद्युत कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपकर इससे निजात दिलाने की मांग की है । ज्ञात हो कि विगत दो माह से कल्लूबंजारी क्षेत्र के ग्राम हाटबंजारी, भकुर्रा, दामाबंजारी, घोटिया, टिपानगढ़ सहित आसपास ग्रामों में इन दिनों विद्युत कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी में आए दिन विद्युत गुल होने एवं लो-वोल्टेज के कारण क्षेत्र के ग्रामों में लोग भीषण गर्मी से परेशान है, नलजल सुविधा बाधित हो रही है जिसके कारण लोगों को पीने के पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है । इसके साथ ही किसानों को बिजली कटौती के चलते रबी फसल में नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर कल्लूबंजारी एवं घोटिया के ग्रामीणजन कनिष्ठ अभियंता कार्यालय कुमर्दा में पहुंचकर विद्युत दुरूस्तीकरण करने मांग पत्र सौंपा गया था एवं तीन दिवस के भीतर समस्या का समाधान नहीं करने पर चक्काजाम किए जाने की चेतावनी भी दी थी। तब ए.ई व डी.ई ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि दो दिवस में समस्या का समाधान कर दिया जावेगा। उसके बाद भी क्षेत्र में लगातार विद्युत कटौती की समस्या जस की तस बनी हुई है। जिससे त्रस्त ग्रामीणों ने कल्लूबंजारी सड़क मार्ग में इसका विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार विजय कोठारी को ज्ञापन सौंपकर अतिशीघ्र विद्युत कटौती से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच डोमेन्द्र पटेल, ओमकार, बरातूराम मंडावी, जीतराम साहू, छत्रपाल पटेल, हीरालाल साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### समस्या के समाधान के लिए ध्यान नहीं देते अधिकारी

हाटबंजारी एवं घोटिया के फिल्डर क्षेत्र में सैकड़ों गांवों को विद्युत कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या से आए दिन जूझना पड़ रहा है। सैकड़ों बार ग्रामीणों ने लिखित एवं मौखिक शिकायत विद्युत विभाग के कर्मचारी से लेकर आला अधिकारियों के समक्ष कर चुके हैं, लेकिन समस्या के समाधान के लिए ध्यान नहीं देने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### अग्नि वीर थल सेना भर्ती हेतु पंजीकृत आवेदकों को दिया जाएगा निःशुल्क कोचिंग

मोहला (दावा)। अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु जिन आवेदकों के द्वारा ऑनलाइन फॉर्म भरा गया है, वह मूल शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र राजनांदगांव में 8 अप्रैल से 12 अप्रैल की अवधि में उपस्थित होकर सत्यापन करा सकते हैं। अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए लिखित परीक्षा की तैयारी से संबंधित ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निःशुल्क कोचिंग प्रदाय किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07744 299523 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ग्राम घोटिया में होली मिलन कार्यक्रम संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम घोटिया में होली मिलन कार्यक्रम पाड़ादाह सेक्टर के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती के सम्मान में रखा गया। जिसमें आत्मविभोर होकर रामजी भारती ने कहा की ये आप सभी कार्यकर्ताओं के मेहनत एवं आशीर्वाद है की मैं 2008 में विधायक बना एवं आयोग सहित विभिन्न पदों में रहा और आज प्रदेश संगठन ने मुझे प्रदेश के महामंत्री के पद से सम्मानित किया।

श्री भारती ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव में हम जिले में डोंगरगढ़ विधानसभा से लोकसभा प्रत्याशी सन्तोष पांडे को जिताते हैं तो यह मेरे लिये आप सभी का स्नेहाशिर्वाद रहेगा। जिसमें पाडादाह मंडल में सर्वाधिक वोट भाजपा के कमल छाप पर दिला के संतोष पांडे को भारी बहुमत से जिताना है। कार्यक्रम को सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, सुनील जैन चिकू, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, खुमान् देशलहरा, नरोत्तम सिन्हा, भागवतशरण सिंग, आदि ने संबोधित किया। जिसमें प्रमुख रूप से राजेंद्रसिंग, श्यामसुंदर साहू, विश्राम वर्मा, रेवाराम वर्मा, विष्णु साहू, नारायण साहू, मल्लिखम कोसरे, सूर्यकांत भंडारी, भोज बंजारे, बालमुकुंद वर्मा, बृजलाल पटौति, संजय यदु राजकुमार मंडावी, टोपसिंग राजपूत सहित लगभग 300 से भी अधिक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

# विवाहित महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

## घुमका पुलिस ने एफआईआर के एक घंटे में लिया हिरासत में




राजनांदगांव(दावा)। थाना घुमका पुलिस ने विवाहिता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किए जाने के मामले को लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए एफआईआर के एक घंटे में ही आरोपी को धरदबोचा। आरोपी का नाम खोमलाल साहू पिता टेटकूराम साहू उम्र 50 साल निवासी ग्राम जुरलाखुर्द थाना घुमका बताया जाता है। आरोपी को जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

घुमका थाना प्रभारी विनय कुमार पम्मार ने बताया कि गत एक अप्रैल को घुमका थाना अंतर्गत एक विवाहित महिला को आरोपी खोमलाल साहू जो कि झाड़ फूंक का काम करता है के द्वारा रात्रि में पीड़िता के घर के बाहर आकर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती मोटर साईकल में बिठाकर अपने साथ भगा ले गया और मोहारा चौकी क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार अपने परिचित के घर ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद पीड़िता वहां से वापस आकर 3 मार्च बुधवार को थाना घुमका में आकर लिखित आवेदन दिया। इस पर पीड़िता के द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 52/24 धारा 376, 506 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से अपने घर ना आकर मोबाइल बंद कर फरार था।

प्रकरण महिला सम्बंधित व गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगाव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी खोमलाल साहू का पता तलाशी की गई। इस संबंध में आरोपी के बारे में जानकारी लेकर उसका लोकेशन ग्राम खुर्सीपार में होने की पुष्टि होने पर आज बुधवार को ही एफ आईआर के एक घंटे के अंदर आरोपी के ठिकाने ग्राम खुर्सीपार पुलिस चौकी मोहारा पहुंचकर उसे हिरासत में लिया गया और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल कर दिया गया है।

# अवैध शराब के खिलाफ ठेलकाडीह पुलिस की कार्रवाई




**पखवाड़ेभर में 15 से अधिक अवैध शराब पीने-पिलाने एवं कोचियों की खिलाफ आबकारी एक्ट तहत की गई कार्रवाई से मचा हड़कंप**

ठेलकाडीह (दावा)। केसीजी जिले के ठेलकाडीह पुलिस की लगातार कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल ठेलकाडीह पुलिस की टीम थाना प्रभारी धर्मेंद्र वैष्णव के नेतृत्व में लगातार अवैध शराब से लेकर जुआ सट्टा सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के मुताबिक 19 मार्च से लगातार पुलिस अवैध शराब कोचियों व सार्वजनिक स्थलों में पीने एवं पीने के लिए साधन उपलब्ध कराने के खिलाफ कार्रवाई की है। क्षेत्र की जागरूक लोगों का कहना है कि पुलिस जब एक्शन में आती है, तो सबसे ज्यादा खुशी क्षेत्र की जनता को होती है। क्योंकि पुलिस की टीम की लगातार कार्रवाई से अपराधिक गतिविधियों में लगाम लगती है। इस तरह की कार्रवाई से जनता भी अपने आप को सुरक्षित महसूस करते है। हालाकि इसके पूर्व में भी थाना प्रभारी साहू ने अपराधियों में लगाम लगाया था।

### इनके खिलाफ हुई है कार्रवाई

थाना ठेलकाडीह में नए थानेदार आते ही जिस अंदाज में अवैध शराब कोचियों के खिलाफ मुहिम छेड़ी है। इससे सार्वजनिक पीने वालों से लेकर पिलाने व बेचने वाले लोगों में हड़कंप मंचा हुआ है। पुलिस ने पखवाड़े भर में विष्णु वर्मा, देवलाल, गणेश यादव, देवकरण साहू, रघुबीर वर्मा, ओमकार साहू, जयंती कौशिक, लेखचंद पटेल, राकेश जागड़े, नरसिंग वर्मा सहित अन्य लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### समाजसेवी संजीव सिंघल ने कराया न्योता भोज

राजनांदगांव (दावा)। समाजसेवक संघ के अध्यक्ष समाजसेवी संजीव सिंघल ने सिंघोला संकुल के महाराजपुर के प्राथमिक शाला में बच्चों को न्योता भोज कराया। श्री सिंघल ने न्योता भोज में बच्चों को चीकू फल वितरित किये। इस अवसर पर शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष पोखन लाल साहू ने चनामुर्रा वितरण किया।

# नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर सचेत हुआ पालिका प्रशासन



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर इन दिनों प्रशासन सचेत दिखाई दे रहा है। बदहाल हो चुकी सफाई व्यवस्था को लेकर चिंतित नगर पालिका अधिकारी सुबह 6 बजे टॉकीज चौक स्थित स्वच्छता विभाग के ठिकाने पर पहुंचे। आधा घंटा इंतजार करने के बाद नियमित पांच कर्मचारियों तथा प्लेसमेंट के 16 कर्मचारी अपने कार्य से अनुपस्थित मिले।

**○ सीएमओ ने अनुपस्थित 21 कर्मचारियों को थमाया शो काज नोटिस**
**○ 63 कर्मचारी सफाई व्यवस्था में तैनात रहते हैं**

इससे खफा नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों के एक दिन की वेतन कटौती कर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पालिका अधिकारी श्री शर्मा ने बताया कि यदि अनुपस्थित कर्मचारी तीन दिन के अंदर संतोषप्रद जवाब नहीं देते तो अनुशासनात्मक कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गलती लगातार की गई तो उक्त कर्मचारियों को अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण कार्य से निकाल दिया जाएगा।

### 63 कर्मचारी सफाई व्यवस्था में तैनात रहते हैं

सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका अधिकारी श्री शर्मा को लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसे लेकर वे काफी चिंतित हैं। उन्होंने बताया कि सफाई व्यवस्था के लिए 63 कर्मचारी तैनात हैं। जिसमें से 21 कर्मचारियों का अनुपस्थित रहना एक तिहाई है। जब 35 प्रतिशत कर्मचारी अनुपस्थित रहेंगे तो सफाई व्यवस्था पटरी से उतरेगी ही इसलिए वे स्वयं घूम कर अब प्रतिदिन सफाई व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का जायजा लेंगे। उन्होंने बताया कि नगर में चल रहे निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री बेतरतीब ढंग से सड़क पर पड़ी नजर आती है। उस पर भी कार्रवाई के निर्देश उपयंत्री रितेश स्थापक को दिए गए हैं। जल्द ही वे समीक्षा बैठक भी करेंगे।

# जिला पंचायत सीईओ ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में ली बैठक

**जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी आगे आयें**




राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में बैठक ली। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सिविल सोसायटी के सदस्य, उद्योगपति, व्यवसायी, यू-ट्यूबर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाताओं को मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों से मतदाता जागरूकता के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने का आग्रह किया।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि संस्थानों, कॉलोनियों, कार्यस्थलों, सार्वजनिक परिवहन स्थलों सहित अन्य स्थानों पर मतदाता जागरूकता के लिए होर्डिंग्स उपलब्ध कराया जाएगा। नगर निगम की सभी दुकानों की दीवारों पर होर्डिंग लगाए जाएंगे। स्वच्छता दीदियां घर-घर पहुंचकर मतदाता जागरूकता के लिए पांम्पलेट देंगी। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को स्वीप मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करने कहा। उन्होंने बैठक में उपस्थित यू-ट्यूबर्स से कहा कि विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले स्वीप कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार कर मतदान करने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करें।

# रोमांचक मुकाबले में पंजाब ने गुजरात को तीन विकेट से हराया, शशांक-आशुतोष ने पलटा मैच

अहमदाबाद। पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2024 के मुकाबले में तीन विकेट से हराया। पंजाब की आईपीएल के मौजूदा सीजन में चार मैचों में यह दूसरी जीत है। पंजाब को इससे पहले दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने विपरीत परिस्थितियों से उबर कर गुजरात को उसके होम ग्राउंड पर मात दी।



गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभमन गिल के 48 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों के दम पर चार विकेट पर 199 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन शशांक और इंपैक्ट सब के तौर पर मैदान में उतरे आशुतोष शर्मा ने टीम की मैच में वापसी कराई। इन दोनों बल्लेबाजों की मदद से पंजाब ने एक गेंद शेष रहते सात विकेट पर 200 रन बनाकर जीत दर्ज की। पंजाब ने इसके साथ ही इस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया।

### नूर अहमद ने पंजाब को दिए झटके

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही। तेज गेंदबाज उमेश यादव ने अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर कप्तान शिखर धवन को बोल्ड किया। धवन एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो ने प्रभसिमरन सिंह के साथ मिलकर पंजाब की पारी को संभाला, लेकिन स्पिनर नूर अहमद ने पहले बेयरस्टो को बोल्ड किया जो 13 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 22 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नूर ने मोहित शर्मा के हाथों प्रभसिमरन सिंह को आउट किया। प्रभसिमरन 24 गेंदों पर 35 रन बनाकर तीसरे बल्लेबाज के रूप में पवेलियन लौटे। यहां से पंजाब की पारी लड़खड़ा गई और फिर अजमातुल्लाह ने सैम करन को महज पांच रन के स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। रही सही कसर मोहित शर्मा ने सिकंदर रजा को आउट कर पूरी कर दी।

### शशांक-आशुतोष ने कराई वापसी

पंजाब की स्थिति एक समय काफी खराब दिख रही थी और टीम के आधे बल्लेबाज 115 रन पर पवेलियन लौट चुके थे। इसके बाद जितेश शर्मा ने कुछ हाथ खोले और दो छक्के जड़े, लेकिन राशिद ने उन्हें जल्द ही पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद शशांक और इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरे आशुतोष शर्मा ने अपना रंग दिखाया। दोनों बल्लेबाजों ने गुजरात के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच सातवें विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी हुई।

### आखिरी ओवर का रोमांच

पंजाब को आखिरी ओवर में जीत के लिए सात रनों की जरूरत थी और उसके तीन विकेट शेष थे। गुजरात के लिए नलकंडे गेंदबाजी करने आए। उन्होंने पहली ही गेंद पर आशुतोष को राशिद के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। इसकी अगली गेंद वाइड करार दी गई। नए बल्लेबाज के तौर पर उतरे हरप्रीत बराड़ ने अगली गेंद मिस की और तीसरी गेंद पर एक रन लिया। अब पंजाब को तीन गेंद पर पांच रन चाहिए थे। चौथी गेंद पर शशांक ने चौका लगाया और स्कोर बराबर हो गया। पांचवीं गेंद पर लेग बाई के द्वारा रन मिला और पंजाब ने रोमांचक जीत दर्ज की।

## पहला कॉलम...

### ऋषभ पंत को लगा 24 लाख रुपये का जुर्माना

विशाखापत्तनम । दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापत्तनम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।

चूंकि न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का दूसरा अपराध था, इसलिए पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली को इस मैच में 106 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

### कमजोर वैश्विक रुझानों से जूझ रहे हैं भारतीय शेयर बाजार

मुंबई । जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बुधवार को कहा कि सकारात्मक विनिर्माण पीएमआई डेटा और चौथी तिमाही के परिणामों से उम्मीद के कारण भारतीय बाजार कमजोर वैश्विक रुझानों से लड़ रहे हैं।उन्होंने कहा, आने वाले कुछ दिनों में बाजार में उछाल आने की संभावना है।इस बीच, मजबूत अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने जून में अमेरिकी फेड दर में कटौती पर संदेह पैदा कर दिया है। बाजार को उम्मीद थी कि दर में कटौती होगी।बुधवार देर रात होने वाले यूएस फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल के भाषण पर भी बाजार नजर बनाए हुए है। नायर ने कहा, उनके बयान से वैश्विक बाजार में राहत लौट सकती है।एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि नकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण कमजोर शुरुआत के बाद निफ्टी में पूरे दिन उतार-चढ़ाव बना रहा। इसके बावजूद, सेंटीमेंट्स मजबूत बने हुए हैं। बुधवार को सेंसेक्स 27.09 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 73,876.82 पर, जबकि निफ्टी 18.60 अंक या 0.08 प्रतिशत गिरकर 22,434.65 पर बंद हुआ।

### संजय नय्यर बने ऐसोचैम के अध्यक्ष

नई दिल्ली । वैश्विक वित्तीय बाजार में जाना माना नाम और सोरिन इन्वैस्टमेंट फंड के संस्थापक व चेयरमैन संजय नय्यर ऐसोसिएटिड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ऐसोचैम) के अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। नय्यर को अंतर्राष्ट्रीय वित्त में व्यापक अनुभव है और वह अजय सिंह की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। नय्यर को वैश्विक वित्तीय एवं पूंजी बाजारों का चार दशकों का अनुभव है, जिनमें से उनके 25 साल सिटीग्रुप में तथा तकरीबन 14 वर्ष केकेआर में बीते, यहां से वह बीते साल रिटायर हुए हैं। उन्होंने सिटीग्रुप छोड़ने के बाद 2009 में केकेआर के भारतीय परिचालन को स्थापित किया। केकेआर में संजय ने लगभग 14 अरब यूएस डॉलर के निवेशों की अगुआई की; ये निवेश प्राइवेट इक्विटी, रियल ऐस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और प्राइवेट इक्विटी के साथ क्रेडिट में हुआ जो 10 अरब यूएस डॉलर के मूल्यांकन के साथ सबसे बड़ा था।

### थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय टीम का एलान

नई दिल्ली भारतीय बैडमिंटन संघ ने आगामी थॉमस कप और उबेर कप के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। थॉमस कप में भारतीय पुरुष टीम, जबकि उबेर कप में भारतीय महिला टीम चुनौती पेश करेगी। इसमें टीम के तौर पर सिंगल्स और डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में मलेशिया, जापान, डेनमार्क, इंडोनेशिया जैसी टीमें शामिल होती हैं और चुनौती पेश करती हैं। ओलंपिक की तैयारी के लिहाज से यह टूर्नामेंट भारतीय खिलाड़ियों के लिए अहम साबित हो सकता है। इस साल ये दोनों टूर्नामेंट 27 अप्रैल से पांच मई तक चीन के चेंगदू में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम थॉमस कप की डिफेंडिंग चैंपियन है। उसने 2022 में थाईलैंड में खेले गए टूर्नामेंट में 14 बार की चैंपियन इंडोनेशिया की टीम को 3-0 से हराकर पहली बार खिताब पर कब्जा जमाया था। भारत की वरिष्ठ चयन समिति ने इस सीजन में सभी खिलाड़ियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए सिंगल्स में ज्यादा से ज्यादा विकल्प रखने का फैसला किया है। इसके अलावा पीवी सिंधू ने व्यस्त कार्यक्रम की वजह से पहले ही नाम वापस ले लिया है। उनकी गैरमौजूदगी में चयन समिति ने उबेर कप के लिए एकदम युवा महिला टीम चुनी है। ज्यादातर शीर्ष खिलाड़ी थॉमस कप 2024 से पहले पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन स्टेज से गुजर रहे होंगे। ऐसे में चयनकर्ताओं ने किरण जॉर्ज के रूप में एक विकल्प रखा है।

## थाईलैंड की खाड़ी में नाव में अचानक लगी आग, समुद्र में कूदकरे यात्रियों ने बचाई जान

बैंकॉक। थाईलैंड की खाड़ी में गुरुवार सुबह एक नाव में भीषण आग लग गई। भीषण आग से बचने के लिए घबराए यात्री समुद्र में कूदने लगे। जहाज पर सवार सभी 108 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है।



सूरत थानी प्रांत से रात भर चलने वाली नाव थाई तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ पहुंचने ही वाली थी। तभी यात्रियों में से एक ने अचानक एक तेज आवाज सुनी और धुएं की गंध महसूस की। नाव पर मौजूद यात्री मैत्री प्रोमजम्पा ने कहा कि उन्होंने पांच मिनट से भी कम समय में धुंआ और आग निकलती देखी और तभी लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया और अलार्म बजाया।

यात्री प्रोमजम्पा ने न्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया, ÷हम मुश्किल से समय पर लाइफ जैकेट प्राप्त कर सके। यह बहुत ही डरावना था। लोग रो रहे थे... मेरी भी आंखों में आंसू थे। सूरत थानी के अधिकारियों ने फेसबुक पर कहा कि नौका पर सवार 108 लोगों में से 97 यात्री सूरत थानी के थे। प्रांत के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि सभी को बचा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। नाव में आग लगने की शुरुआत उसके इंजन से हुई। वहीं आग लगने के पीछे क्या कारण थी इसकी जांच की जा रही है।

## दक्षिण-पूर्वी ईरान के दो स्थानों पर हुई झड़प, सुरक्षा बलों के पांच सदस्य की मौत; आठ आतंकी भी ढेर

**दुबई। दक्षिणपूर्वी ईरान में दो अलग-अलग स्थानों पर पुलिस और बंदूकधारियों की झड़प हुई। इन झड़पों में आठ बंदूकधारी और ईरानी सुरक्षा बलों के पांच सदस्य मारे गए हैं। राज्य मीडिया ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। आधिकारिक आईआरएनए समाचार एजेंसी ने कहा कि सुरक्षा बल के 10 अन्य सदस्य इस झड़प में घायल हो गए।**



आईआरएनए समाचार एजेंसी के बयान में कहा गया है कि सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में रात भर लड़ाई तब भड़की जब बंदूकधारियों ने राजधानी तेहरान से लगभग 1,400 किलोमीटर (870 मील) दक्षिण-पूर्व में रस्क शहर में एक रिवोल्यूशनरी गार्ड पोस्ट और चाहबहार शहर में एक तट रक्षक स्टेशन पर गोलीबारी की।

आईआरएनए ने अपने बयान में कहा कि छह हमलावरों ने दो स्थानों पर घेराबंदी कर रखी थी और लोगों को बंधक बना रखा था। बयान में बंधकों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी गई है लेकिन आतंकवादी समूह जैश अल-अदल पर हमलों का आरोप लगाया है। यह संगठन कथित तौर पर जातीय बलूच अल्पसंख्यक के अधिकारों की बैत करता है।

## महिला फुटबाल खिलाड़ियों से मारपीट एआईएफएफ का सदस्य, सस्पेंड

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को निलंबित कर दिया। वह आगामी सूचना तक निलंबित रहेंगे। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। दरअसल भारतीय महिला फुटबॉल लीग के सेकेंड डिवीजन में भाग ले रही हिमाचल प्रदेश स्थित खाद एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने कथित आरोप लगाया कि क्लब के मालिक शर्मा ने 28 मार्च की रात को उनके कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी।

एआईएफएफ को लिखे शिकायत पत्र में दोनों महिलाओं ने आरोप लगाया कि इंडियन वुमेंस लीग के दूसरे डिवीजन में एक मैच के बाद वे अपने एकमोडेशन पर लौट आईं और रात का खाना खत्म होने पर अंडे उबाल रही थीं। लड़कियों ने आरोप लगाया कि दीपक शर्मा नशे की हालत में थे। वह कमरे में घुस आए और उनके साथ मारपीट की। इससे पहले एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे , उपाध्यक्ष एन ए हैरिस और कोषाध्यक्ष किपा अजय ने सोमवार को शर्मा के खिलाफ खिलाड़ियों की शिकायतों पर गौर किया जिसके बाद एआईएफएफ के सदस्य संघों की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में शर्मा का पक्ष सुनने के बाद उन्हें बैठक से जाने के लिये कहा गया था।

## डी-मार्ट के शेयरों में आया उछाल

नई दिल्ली। आज सुबह से शेयर बाजार रिकॉर्ड हाई पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स में डी-मार्ट के शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। शेयर में आई तेजी के बाद डी-मार्ट का एम-कैप 3 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। हालांकि, कंपनी ने पहले भी यह मुकाम हासिल किया था।

आज कंपनी का स्टॉक 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। डीमार्ट के मालिक द्वारा मार्च तिमाही में परिचालन से अपने स्टैंडअलोन राजस्व में 20 फीसदी की वृद्धि आई है। इस वृद्धि के बाद कंपनी का रेवेन्यू 2,393.46 करोड़ रुपये पहुंच गया है। कंपनी के रेवेन्यू में आई तेजी ने शेयर को बढ़त हासिल करने में मदद की है।

## आईपीएल के बीच से ही संजू का वर्ल्ड कप से कटेगा पत्ता!

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 16वें मुकाबले में बुधवार को कोलकाता नाइटराइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हराया। छ्ष्ट भले ही मुकाबला ना जीत पाई हो, लेकिन टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने अपनी पारी से सभी का दिल जीत लिया। इतना ही नहीं रोड एक्सीडेंट के बाद क्रिकेट में वापसी करने वाले पंत इस सीजन लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



पंत ने कोलकाता नाइटराइडर्स के विरुद्ध 220 की स्ट्राइक रेट से 25 गेंदों पर 55 रन की तूफानी पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 4 चौके और 5 छक्के लगाए। इससे पहले पंत ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 32 गेंदों पर 51 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 4 चौके और 3 छक्के निकले थे। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ लीग के 9वें मैच में पंत ने 26 गेंदों पर 28 और पंजाब किंग्स के विरुद्ध 13 गेंदों पर 18 रन बनाए थे। पंत ने अब तक खेले 4 मुकाबलों में 38 की औसत से 152 रन बनाए हैं। उनके प्रदर्शन में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है।

पंत के प्रदर्शन में हो रहे इजाफे को देखते हुए संजू सैमसन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 1 जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप 2024 से उनका पत्ता कट सकता है। पंत की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम ने कई विकेटकीपर बल्लेबाजों को आजमाया, लेकिन टीम की तलाश खत्म नहीं हुई।

## जापान में सुनामी का खतरा टला!

नई दिल्ली। ताइवान में 3 अप्रैल को तेज भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता को 7.4 मापी गई। बताया गया कि ताइवान में पिछले 25 सालों में ऐसा भूकंप नहीं आया था। ताजा अपडेट के मुताबिक,अब तक भूकंप की वजह से 9 लोगों की जान गई है और 700 से अधिक घायल हो गए हैं। घायलों की संख्या बढ़ने वाली है क्योंकि टूटी इमारतों के नीचे लोगों के फंसे होने का अनुमान है। सोशल मीडिया पर इस भूकंप से जुड़े कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिन्हें देखकर रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वहीं अब इस भूकंप के बाद सुनामी की ख़तरा बढ़ गया था। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी दी गई थी, जापान और फिलीपींस को भी अलर्ट कर दिया गया।

## प्रथम पेज का शेष

***जग्गी हत्याकांड....***

प्रतिपरीक्षण भी किया। कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद सभी को लिखित में तर्क पेश करने को कहा और फैसले को सुरक्षित कर लिया था। प्रकरण में अमित जोगी के दोषमुक्ति के खिलाफ सतीश जग्गी ने अलग से याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी लंबित होने के कारण छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में इस प्रकरण की सुनवाई रुकी हुई है। उक्त मामले को छोड़कर हाईकोर्ट ने आरोपियों की अपील पर सुनवाई शुरू की है। जानें क्या था मामला- छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी के कार्यकाल के समय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता रामावतार जग्गी की 4 जून 2003 में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस दौरान हुई इस हत्या से पूरा प्रदेश हिल गया था। विधानसभा चुनाव के दौरान हुई इस हाई प्रोफाइल मर्डर केस की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। इस केस में कुल 31 अभियुक्त बनाए गए थे, जिनमें से दो बल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बने थे। इस केस में पूर्व सीएम अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को सजा सुनाई गई थी। सभी आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील दायर कर निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। दोषियों की अपील को खारिज होने पर रामवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने कहा कि मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। हमारे परिजन शुरू से कहते रहे कि ये राजनतिक षड्यंत्र था।

***मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री...***

आतंकवादियों व नक्सलियों को उनके बिलों में घुसे रहने के लिए विवश कर दिया गया है। कश्मीर में शांति स्थापित हुई है पूरे देश में अमन व चयन के युग का सूत्रपात हुआ हैं। 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से निकलकर माध्यम श्रेणी में पहुंच गए हैं जो एक रिकार्ड हैं। भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए कहा कि यह चुनाव राष्ट्रीय परिपेक्ष में महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं, आप सब पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं आपके बल पर ही पार्टी का दमखम हैं, कमल फूल को भारी मतों से विजयी बनाने आप सबका आशीर्वाद प्राप्त होगा ऐसा विश्वास हैं। सभा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, पूर्व संसद अभिषेक सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व संसद प्रदीप गांधी, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला महामंत्री रवींद्र वैष्णव ने भी संबोधित किया। मंच पर प्रदेश भाजप प्रभारी नितिन नबीन, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, कलस्टर प्रभारी राजेश मूणत, समन्वयक अशोक शर्मा, सहसमन्वयक खूबचन्द पारख, युवामोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव,नीलू शर्मा, जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, अशोक साहू, घम्मन साहू, मदन साहू सहित अनेक नेतागण उपस्थित थे, सभा का संचालन दिनेश गांधी, राजेन्द्र गोलछा, किसुन यदु ने एवं सभा में आभार प्रदर्शन किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने किया।

नामांकन सभा के पश्चात डीजे, धुमाल, पंथी नृत्य, राऊत नाचा के साथ भाजपा की ऐतिहासिक रैली निकली जिसमें भाजपा कार्यकर्ता कमल फूल की टोपी लगाये गले में पार्टी का गमछा डाले हजारों की संख्या में नारे बाजी करते हुए लयबद्ध होकर निकले। रैली का शहर के विभिन्न मार्गों में व्यापक स्वागत हुआ, लोगों ने फूल बरसाये रैली को देखने घर के छतों व छज्जों में खड़े होकर लोग निहारते रहें, जिन्हें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व पार्टी प्रत्याशी संतोष पांडे जो रैली के मध्य मे सजे हुए वाहन मे सवार थे वे आमजनों का हाथ जोड़कर अभिवादन करते रहें, रैली में अनेक युवा एवं महिला कार्यकर्ता थिरकते नजर आये कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। रैली गुरद्वारा चौक पहुंच कर समाप्त हुई।

## 'संदेशखाली के गुनहगारों को जेल में काटनी होगी जिंदगी...', बंगाल के कूचबिहार में पीएम मोदी का टीएमसी पर हमला

कूचबिहार। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे बंगाल और देश ने देखा कि कैसे संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी गई थी. संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ, वो टीएमसी के अत्याचारों की पराकाष्ठा थी. बीजेपी ने तय किया है कि संदेशखाली के गुनहगारों को सजा दिलवाकर रहेंगे. उन्हे अब अपनी जिंदगी जेल में ही काटनी पड़ेगी.



पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में पीएम मोदी ने आज एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने सूबे की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए रैली में कोई बाधा उत्पन्न न करने के लिए उन्हें और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया. पीएम ने कहा कि सबसे पहले मैं ममता दीदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं. 2019 में एक रैली को संबोधित करने के लिए मैं इसी मैदान पर आया था, उस समय उन्होंने इस मैदान को आकार में छोटा करने के लिए इसके बीच में एक मंच बनवा दिया था. तब मैंने कहा था कि जनता इसका जवाब देगी.

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में देश का जो विकास हुआ है, वो तो सिर्फ ट्रेलर है. मुझे अभी भी देश के लिए बहुत कुछ करना है. हमें देश को आगे ले जाना है. उन्होंने कहा कि मेरे विरोधी कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है, मोदी के लिए मेरा भारत मेरा परिवार है. पूरे बंगाल और देश ने देखा कि कैसे संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी गई थी. संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ, वो टीएमसी के अत्याचारों की पराकाष्ठा थी. बीजेपी ने तय किया है कि संदेशखाली के गुनहगारों को सजा दिलवाकर रहेंगे. उन्हे अब अपनी जिंदगी जेल में ही काटनी पड़ेगी.

कूच बिहार में राश मेला मैदान में मेगा रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भ्रष्टाचारियों को बचाने के प्रयासों के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की. उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक ने कभी भी हाशिए पर रहने वाले समुदायों की परवाह नहीं की. अब जब हम सीएए लाए हैं, तो वे अफवाहें और झूठ फैला रहे हैं. मां भारती में आस्था रखने वालों को नागरिकता प्रदान करना मोदी की गारंटी है. विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन झूठ और धोखे की राजनीति करने में व्यस्त है उन्होंने कहा कि मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि भ्रष्टाचारियों को सजा मिले और गरीबों को न्याय मिले. अगले 5 साल में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी. विपक्षी गुट पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि आजादी के बाद छह-सात दशकों तक देश ने सरकार का केवल कांग्रेस मॉडल ही देखा है.

पीएम मोदी ने कहा कि मैं कह रहा हूं भ्रष्टाचार हटाओ, विपक्ष कहता है 'भ्रष्टाचारियों को बचाओ'. बीजेपी सरकार सीएए लाई तो इंडिया ब्लॉक उसके बारे में झूठ फैला रहा है. उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक के साझेदार टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस झूठ की राजनीति कर रहे हैं. ये बंगाल का मिजाज पूरा देश देख रहा है.

प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि दुनिया उन्हें एक मजबूत नेता के रूप में स्वीकार करती है जो कठोर निर्णय ले सकते हैं. उन्होंने कहा कि मोदी ने यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े फैसले लिए हैं कि देश भ्रष्टाचार और आतंकवाद से मुक्त हो. हमने इस देश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कड़े फैसले लिए हैं.

# केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो मनरेगा श्रमिकों को मिलेगा 400 रु मजदूरी : भुनेश्वर बघेल

**घुमका (दावा) । पूर्व विधायक व पूर्व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष कांग्रेस नेता भुनेश्वर बघेल नेतृत्व में धुँवाधार प्रचार अभियान जारी है गौरव ग्राम घुमका में मनरेगा मजदूरों के बीच वे कार्यकर्ताओ के साथ पहुचे उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को प्रतिदिन 400 रु मजदूरी दी जाएगी।**

श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा श्रमिक हितेषी रही है और आजादी के बाद तमाम ऐसे कानून लाई है जिसमें मजदूरों का हित हो। जैसे न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, औद्योगिक विवाद अधिनियम, मनरेगा जिनके माध्यम से श्रमिकों का जीवन बेहतर हुआ था। परंतु आज भाजपा की डबल इंजन सरकार में श्रमिकों की स्थिति बदसेबदतर हुई है। सामाजिक सुरक्षा के उपाय तो छोड़ो उनके रोजगार के भी लाले पड़ गए हैं।

कांग्रेस पार्टी श्रमिकों को इस देश की रीढ़ मानती है और सरकार आने पर कांग्रेस अपनी श्रमिक न्याय की गारंटियों से उन्हें सुरक्षित सम्मान जनक जीवन देने का काम करेंगे। श्री बघेल ने कहा कि वर्तमान में मनरेगा में काम करनेवाले को लगभग 200 रु की मजदूरी मिलती है। जो कांग्रेस की सरकार बनने पर बढ़?कर दोगुनी यानी 400 रु हो जाएगी। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी को शुरुआत यूपीए सरकार के दौरान हुई थी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने मनरेगा के अंतर्गत डेढ़ सौ दिनों तक रोजगार देने के संकल्प को पूरा किया था और कोविड काल के दौरान 27 करोड़से अधिक श्रम दिवस देकर राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा श्रम की सम्मान की है और श्रमिकों के भलाई के लिए काम किया है। मोदी सरकार ने जो दिन प्रतिदिन श्रम विरोधी कानून लाया है उसकी समीक्षा की जाएगी और श्रमिकों के हित में सुधार किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार बनने पर राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम वेतन प्रतिदिन 400 रु की गारंटी होगी। शहरी रोजगार गारंटी, श्रमिकों को स्वास्थ्य का अधिकार दिया जाएगा। इसमें मुफ्त में जांच इलाज और दवा की व्यवस्था रहेगी। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा एवं सरकारी क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यों पर होने वाले ठेका पद्धति बंद होगी, निजी क्षेत्र में ठेका में काम करने वाले मजदूर की भी सामाजिक सुरक्षा दी जाएगी।



राजनादगांव लोकसभा के डोंगरगढ़ विधानसभा में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनाव प्रचार में

श्री बघेल के द्वारा हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, युवा न्याय व श्रमिक न्याय योजनाओ के बारे में जानकारी देकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनादगांव लोकसभा से ऐतिहासिक मतो से जीताकर दिल्ली में भेजने की अपील सभी से कर रहें हैं इस अवसर घुमका ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, श्रीमति फूलमती वर्मा,जयकुमार वर्मा, पीयूष दुबे,राकेश दामोदर वर्मा, खेमचन्द पप्पू वर्मा,महेश वर्मा, नवीन लुनिया,कमल बंजारे, टुमलाल वर्मा, राजेश शान, सुनील वर्मा,माहरा पाटिला, गिरीश साहू आदि उपस्थित रहे।

# हर एक वोट जरूरी होता है..., कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ी में दिलाई मतदाता शपथ

## नागरिकों से मतदान करने की अपील की




राजनांदगांव (दावा)। लोकतंत्र के पर्व में हर एक वोट जरूरी होता है, यह अनुगूंज हर घर तक पहुंच सके इसी संदेश के साथ आज कलेक्टोरेट स्थित स्वीप गार्डन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कारवां निकला। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र सिंह एवं व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित स्वीप गार्डन का अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ी में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र सिंह एवं व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वीप गार्डन में मैं मतदान अवश्य करूंगा, बोर्ड में हस्ताक्षर कर जनसामान्य से मतदान करने की अपील की। कलेक्टर अग्रवाल एवं सभी ने आकर्षक सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपने मतदाधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया।

**चुनाव का पर्व देश का गर्व, राजनांदगांव की है पहचान खेले हॉकी करें मतदान के नारों से मतदान के लिए किया गया आव्हान**

इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक ने स्वीप फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्वीप गार्डन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत अभी तक की गई विभिन्न गतिविधियों को डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से फोटो प्रदर्शनी में दिखाया गया। फोटो प्रदर्शनी में स्वीप संगोष्ठी, मेहंदी, रंगोली, खेल-कूद जैसे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश को प्रदर्शित किया गया।

कलेक्टोरेट परिसर स्थित स्वीप गार्डन में जनसामान्य को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदान के उद्देश्य, महत्व, लोकतंत्र के संबंध में पूरी जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसके साथ ही स्वीप गार्डन में विभिन्न आकर्षक सेल्फी जोन भी बनाया गया है। सेल्फी जोन में कलेक्टोरेट सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सेल्फी लेकर मतदाता जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम में हॉकी का गोल कीपर एवं वन्य जीव को प्रदर्शित करते हुए वन विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आकर्षक सेल्फी जोन बनाया गया। स्वीप गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा चुनाव पर्व देश का गर्व, राजनांदगांव की है पहचान खेले हॉकी और करें मतदान, मेरा वोट मेरा अधिकार, मैं मतदान अवश्य करूंगा आप भी स्वीप नारों से जिले में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जनसामान्य से आव्हान किया गया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत पूरे जिले में कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर ऊर्जा एवं उत्साह से नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी स्वीप गार्डन में मैं मतदान अवश्य करूंगा, बोर्ड में हस्ताक्षर कर जनसामान्य से मतदान करने की अपील की।

# आयुक्त गुप्ता मोहारा व मोहड़ में निर्माणाधीन विकास कार्य का निरीक्षण कर देखे सफाई व्यवस्था



राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज वार्ड नं. 47 मोहारा एवं वार्ड नं. 49 मोहड में प्रातः भ्रमण कर अधिकारियों के साथ दोनो वार्डो में चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था देखे, उन्होंने बंद निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराने अधिकारियों को निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता आज प्रातः मोहारा एवं मोहड में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर मोहारा एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण प्रतिदिन करने, खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश सेन्टर प्रभारी को देते हुये कहा कि खाद विक्रय के लिये कृषकों एवं फार्म हाउस वालों से सम्पर्क कर खाद विक्रय करें। उन्होंने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा से कहा कि गर्मी में संक्रामक बीमारी को ध्यान में रखते हुये साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे, नाली नालो की नियमित सफाई करावे, समय-समय पर दवा का छिड़काव करें, लोगों को साफ सफाई रखने, स्वच्छता अपनाने समझाईस देवें।

विकास कार्य निरीक्षण के दौरान मोहारा मेला स्थल में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेकर स्वागत द्वार, मंच, एप्रोज रोड, शौचालय निर्माण आदि के बंद कार्य अतिशीघ्र चालू कराने प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव को निर्देशित किये। इसी प्रकार मुक्तिधाम उन्नयन, मोहड में सामुदायिक भवन एवं नाला निर्माण कार्य का जायजा लेकर काम में तेजी लाने, पानी तराई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि होली के समय से बंद कार्य जल्द प्रारंभ करावे, कार्य प्रारंभ नही करने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करें। साथ ही उप अभियंता प्रतिदिन कार्य की मानिटरिंग करे, पेयजल संबंधी समस्या या शिकायत का स्थल निरीक्षण कर निराकरण करावे।

निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती, उप अभियंता तिलक राज ध्रुव व जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सहायक उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# छात्र मंच परिवार का होली मिलन व नवमतदाता परिचय सम्मेलन संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के इतिहास में सर्वाधिक रक्तदान करने वाली सेवाभावी राष्ट्रीय संगठन छात्र मंच परिवार द्वारा 3 अप्रैल महाजन बाड़ी स्टेशनपारा में होली मिलन व नव मतदाता परिचय सम्मेलन का आयोजन में छात्र मंच के पदाधिकारी व मार्गदर्शन समिति सम्मिलित हुए।

प्रदेश संयोजक नागेश यदु ने बताया कि आज होली मिलन व मतदाता परिचय सम्मेलन के इस आयोजन का उपदेश मजबूत लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका जिसमें संचित रूप से चर्चा किया गया। साथ ही साथ नव मतदाताओं को जानकारी दिया गया कि आप अपना मत राष्ट्रीय हित में दें। छत्तीसगढ़ के इतिहास में 22 जनवरी 2025 को संगठन द्वारा 1000 यूनिट विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी के लिए संगठन निरंतर कार्य करें।

आज होली मिलन के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के विषय में चर्चा जैसे सनातन धर्म, राष्ट्रीय हित, मजबूत लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका साथ ही साथ युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया।

आज इस होली मिलन व मतदाता परिचय सम्मेलन में छात्र युवा मंच परिवार के सभी प्रदेश संयोजक नागेश यदु, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभान जंघेल, प्रदेश महामंत्री कृष्णकांत साहू, प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू, प्रदेश प्रमुख लोकेश बारापात्रे, प्रदेश महामंत्री भागवत वर्मा, प्रदेश तकनीकी व संचार प्रमुख प्रवीण मारकंडे, हेमा साहू, ढालेश्वरी साहू, दुष्यंत कुमार, मनीष कुमार साहू, रोहित वर्मा और सभी सदस्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस का झूठा प्रलोभन और उनके बिगड़े बोल ही उनके पतन का कारण -आभा



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा उपाध्यक्ष आभा तिवारी ने कहा कि कांग्रेस की नामांकन रैली में कई पूर्व कांग्रेसी मंत्री आए और उनके भाषण में स्पष्ट झलक रहा था कि किसी भी तरह अपनी जमानत बचा ले, इस हेतु अनर्गल शब्द बाण चलाए जा रहे हैं, यह उन्ही के वातावरण है कि अब हम हर बूथ कांग्रेस मुक्त होने जा रहा है।महिलाओं का अपमान जनता का अपमान अपने ही कार्यकर्ताओं का अपमान जिसका आप सभी ने खुले मंच में जो उन्ही के नेता ने कहा वह सब ने वीडियो वायरल देखा और अंतोगत्वा उस शख्स को निकाल दिया गया।

चाल चरित्र चित्रण स्पष्ट रूप से इन कांग्रेस नेताओं के बिगड़े बोल में नजर आते है। यदि वह वास्तविक रूप में पढ़े लिखे हैं तो सभ्य भाषा का चयन करें। राजनांदगांव संस्कारधानी को इन्हें पहचाना होगा। यहां सभी सभ्य समाज के लोग रहते हैं। आपने उन मतदाताओं की गारंटी वाली सरकार को चोट दी है यह मोदी को नही यह जनता के आस्था विश्वास पर चोट दी है। यही शब्द-शब्द के तो खेल है जो एक शब्द शीतल करता है मन को और एक शब्द छेद करता है दिल को। और जनता कांग्रेस को पूरी तरह से राष्ट भर में नकारती जा रही है। कांग्रेस मुक्त बूथ बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। खैर यह भी हो सकता है कि तापमान कल बढ़ गया था तो हो सकता है मानसिक संतुलन खो बैठे होंगे।

## ईव्हीएम मशीन की कमिशनिंग का द्वितीय प्रशिक्षण 10 अप्रैल को

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन हेतु ईव्हीएम मशीन की कमिशनिंग का द्वितीय प्रशिक्षण 10 अप्रैल को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स तथा विधानसभा स्तरीय सेक्टर ऑफिसर को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# ट्रांसजेंडर्स ने लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान देने के लिए एक स्वर में दी सहमति




राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत के सभाकक्ष में बहुत खुशनुमा माहौल रहा जब ट्रांसजेंडर्स ने आकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान देने के लिए एक स्वर में सहमति दी। जिला पंचायत के सभाकक्ष में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत ट्रांसजेंडर्स की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को जिले में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। समाज के प्रत्येक वर्ग को मतदान से जोड़ने के लिए स्वीप कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने ट्रांसजेंडर्स को जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। ट्रांसजेंडर्स वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए यह स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रांसजेंडर लोगों को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के साथ ही लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने को कहा गया। सभी ट्रांसजेंडर्स ने कहा कि मतदान हम सबका अधिकार है। यह लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। ट्रांसजेंडर्स ने मतदान केन्द्र में 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करेंगे। ट्रांसजेंडर्स ने एक स्वर में इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपना योगदान शत-प्रतिशत मतदान करने की सहमति दी और इस कार्य में जिला प्रशासन को अपना भरपूर सहयोग देने के लिए कहा।

**○ ट्रांसजेंडर्स ने नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करने का किया आव्हान**

**○ ट्रांसजेंडर्स ने जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए ली शपथ**

ट्रांसजेंडर्स ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 26 अप्रैल को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, निर्भीक और अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिले में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। ट्रांसजेंडर्स ने नागरिकों को स्वीप कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के नारे लोकतंत्र के लिए मतदान राजनांदगांव का अभिमान, मोर वोट-मोर अधिकार, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करें मतदान, जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान जैसे नारों से अपने मताधिकार का उपयोग करने का आव्हान किया गया।

# छात्र-छात्राओं को कराया गया औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान का शैक्षणिक भ्रमण



डोंगरगढ़ (दावा) । शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के भौतिक शास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने शासकीय औद्योगिक संस्थान डोंगरगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के मार्गदर्शन तथा भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष रोशन कुमार तथा वासुदेव साहू के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण में शासकीय औद्योगिक संस्थान के 6 व्यवसाय का भ्रमण किया गया। जहां प्राचार्य एम.एल. बंजारे के दिशा-निर्देशन में सभी व्यवसाय का बारी-बारी से भ्रमण किया गया जिसमें सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे जिसमें आईटीआई के 6 विभिन्न ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, फिटर, कोपा, इंस्ट्रूमेंट और डीजल यांत्रिकी की जानकारी दी गई जिसमें विद्यार्थियों को आर्क वेल्डिंग, हाइड्रोलिक ड्रिल मशीन, फैन वाईंडिंग, कम्प्यूटर के विभिन्न सॉफ्टवेयर तथा हार्डवेयर, डीजल इंजन, ग्लाइडर मशीन आदि उपकरण के बारे में जानकारी प्राप्त हुई।

# राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा संपन्न

खैरागढ़ (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैहाटोला में राष्ट्रीय छात्रवृति परीक्षा सत्र 2023-24 का आयोजन किया गया। जिसमें एक ही स्कूल से चार छात्राओं का चयन हुआ। स्कूल से क्रमशः रेशमा कुंजाम 78 प्रतिशत, खुश्बू कुंजाम 72 प्रतिशत, हिना वर्मा 89 प्रतिशत, दीप्ति वर्मा 99 प्रतिशत का होने से शाला गौरान्वित हुआ है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के शालाओं में बेगलेश डे की शुरुआत भी इन्हीं शाला के नवाचारी प्रधानपाठक व अंतर्राष्ट्रीय कलाकार किशोर शर्मा के कला कार्यो को देखकर मुख्यमंत्री के घोषणा पश्चात स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू किया गया है। शाला में अनेक नवाचार जैसे कला कार्यशाला, शैक्षणिक, सामाजिक, राष्ट्रीय, आईटीसी और व्यवसायिक शिक्षा आदि गतिविधियाँ होती है। इसके अतिरिक्त शाला में अनेक सिद्धहस्त महानुभावों को आमंत्रित कर जीवन कौशल, कैरियर काउंसलिंग, क्राफ्ट कार्यशाला शाला समय पश्चात व अवकाश दिवसों में संचालित होती है।




राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को आठवीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ने से रोकने और उन्हें माध्यमिक स्तर पर अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। हर साल नौवीं कक्षा के चयनित छात्रों को एक लाख नई छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं और राज्य सरकार, सरकारी सहायता प्राप्त व स्थानीय निकाय के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए दसवीं से बारहवीं कक्षा में उनकी निरंतरता/नवीनीकरण किया जाता है। इस छात्रवृत्ति की धनराशि 12000/- रुपये प्रति वर्ष है।

राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर शामिल किया गया है- जो छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है। एनएमएमएसएस छात्रवृत्ति की धनराशि को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) मोड के बाद सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण द्वारा सीधे चयनित छात्रों के बैंक खातों में भेजी जाती है। यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।

इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी लालजी द्विवेदी के सीजी , बीईओ नीलम राजपूत खैरागढ़, बीआर सी सुजीत चौहान, शिक्षाविद व विशेष सहयोगी विजय वर्मा, रूपेश निषाद, ग्राम सरपंच राधेलाल उइके, शाला विकास समिति अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ग्रामवासियों, संकुल समन्यवयक समयलाल धुर्वे, संकुल प्रभारी पूनम पांडेय सहित शिक्षकों कल्याण दास वर्मा, सत्यकुमार घावडे, तीरथ साहू, दिनेश चन्देल, सन्तोषी वर्मा ने शुभकामनाएं व प्रोत्साहन दिया है।

# शत प्रतिशत मतदान हेतु दिलाई गई शपथ

डोगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं शत प्रतिशत मतदान करने की छात्र-छात्राओं को शपथ एवं संकल्प दिलाई गई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ई वी रेवती ने शत प्रतिशत मतदान हेतु अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम में स्वीप कार्यक्रम अधिकारी एच आर पदमें एवं जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर, बीईओ गर्ग, सहायक प्राध्यापक डॉ. आशा चौधरी, गोपाल कृष्ण यादव, वेद प्रकाश साहू, ओमप्रकाश वर्मा, अतिथि व्याख्याता येशुकृति हजारे, मोनिका, मनीषा भेड़िया, नीलम सिंहा, प्रभात बैस, सहा. ग्रेड 1 नितिन शाडिल्य एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# हर जवाबदार नागरिक का फर्ज शत-प्रतिशत हो मतदान - ठाकुर

डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा नेता विजेंद्र सिंह ठाकुर ने आम मतदाताओं से अपील की है कि वह अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें। जिससे शत प्रतिशत मतदान हो सकें।



श्री ठाकुर ने आगे कहा की, लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व के समय हम सभी मतदाताओं को अपने मतों का उपयोग करना चाहिए। हम सब का यह प्रयास होना चाहिए यदि हमारे घर में पांच वोट है तो पांच का पांच वोट देश के विकास के लिए देश के उत्थान के लिए देश की अखंडता के लिए हो हम सबको मतदान अवश्य करना चाहिए।

लोकतंत्र के इस महापर्व पर हम सब अपने मोहल्ले अपने कस्बे व शहर, ग्रामीण क्षेत्र के बूथ पर यह पूरा प्रयास करें कि, प्रत्येक व्यक्ति लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेते हुए अपना मतदान अवश्य करें। हमारा प्रयास हो की एक भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे हो सके तो हम उसे मतदान स्थल तक पहुंचने में उसकी मदद करें दूर-दराज निवास करने वाले लोगों से संपर्क कर उनसे आग्रह करें कि वह मतदान अवश्य करें हम सबको लोकतंत्र में भाग लेने का पूरा अधिकार है और हम सब अपने-अपने मतों का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक करें।






































स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com